Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबन्द में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 334 | रविवार, 07 दिसंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## गोवा में दर्दनाक हादसा

# नाइट क्लब में सिलेंडर ब्लास्ट, 23 लोगों की मौत

**पणजी।**

गोवा के एक नाइट क्लब में आग लगने से कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई, राज्य के मुख्यमंत्री ने रविवार को यह जानकारी दी। शुरूआती जांच में आग का कारण सिलेंडर ब्लास्ट बताया जा रहा है। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने घटना स्थल का दौरा किया। बताया जा रहा है कि अधिकतर मौतें दम घुटने से हुईं हैं। यह घटना स्थानीय समयानुसार रात लगभग 12:04 बजे अरपोरा गांव में हुई। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने एक्सपर एक पोस्ट में कहा कि राज्य सरकार ने इस घटना की जांच के आदेश दिए हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो में घायलों की मदद के लिए एम्बुलेंस की कतारें दिखाई दे रही हैं। पुलिस प्रमुख ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलने के बाद दमकल की गाड़ियाँ और एम्बुलेंस मौके पर पहुंच गईं। एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार, घायलों को इलाज के लिए पास के अस्पतालों में ले जाया गया, जबकि अधिकारी रात भर स्थिति पर काबू पाने के लिए काम करते रहे। पुलिस प्रमुख ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है और सभी शव बरामद कर लिए गए हैं। भारत के पश्चिमी तट पर स्थित एक छोटा सा राज्य गोवा, समुद्र तटों और पहाड़ी परिदृश्यों के साथ, विशेष रूप से विदेशियों के बीच एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, वर्ष की पहली छमाही में लगभग 55 लाख पर्यटक गोवा आए। इनमें से 2,71,000 अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक थे।



### पीएम मोदी ने जताया दुख



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया, रगोवा के अरपोरा में आग लगने की घटना बेहद दुखद है। मेरी संवेदनाएँ उन सभी लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूँ। गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत जी से स्थिति के बारे में बात की। राज्य सरकार प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान कर रही है।



## सार संक्षेप

### एअर इंडिया ने घरेलू विमान यात्रियों को दी 'विशेष छूट'

**मुंबई।**




इंडिगो की उड़ान बाधाओं से देशभर में यात्रियों की फजीहत जारी है, ऐसे में टाटा समूह की एअर इंडिया ने शनिवार को एक बड़ा राहत पैकेज घोषित किया। एयरलाइन ने घरेलू टिकटों पर परिवर्तन या रद्दीकरण शुल्क पूरी तरह माफ करने की घोषणा की है, ताकि प्रभावित यात्रियों को तुरंत विकल्प मिल सके। कंपनी ने बताया कि एअर इंडिया और इसकी सहायक एअर इंडिया एक्सप्रेस ने 4 दिसंबर से सभी नान-स्टॉप घरेलू उड़ानों में इकोनमी किराए पर सक्रिय तौर पर विशेष किराया सीमा व्यवस्था लागू की है, ताकि मांग- आपूर्ति के चलते स्वतः बढ़ने वाले किरायों पर रोक लगाई जा सके। दोनों एयरलाइंस नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा घोषित नए किराया प्रतिबंधों के अनुरूप अपनी प्रणाली अपडेट कर रही हैं। राहत योजना के तहत वे यात्री जिन्होंने चार दिसंबर तक टिकट बुक किए थे और 15 दिसंबर तक यात्रा निर्धारित थी, वे बिना किसी रीबुच्कग शुल्क के अपनी यात्रा आगे बढ़ा सकते हैं। साथ ही, यदि वे यात्रा रद करना चाहें तो उन्हें पूरी रकम वापस मिलेगी और रद्दीकरण शुल्क नहीं लिया जाएगा।यह वन-टाइम विशेष छूट आठ दिसंबर, 2025 तक किए गए परिवर्तन या रद्दीकरण पर लागू होगी। हालांकि रीबुच्कग की स्थिति में किराए के अंतर का भुगतान यात्रियों को करना होगा।

### पहाड़ों पर हिमपात, 3 राज्यों में होगी बारिश



**नई दिल्ली।** उत्तरी भारत इस समय भीषण सर्दी की चपेट में है। पहाड़ी राज्यों, विशेषकर हिमाचल प्रदेश और कश्मीर में हो रही भारी बर्फबारी ने मैदानी इलाकों में ठिठुरन और शीतलहर बढ़ा दी है। दिल्ली, पंजाब और उत्तर प्रदेश सहित पूरे क्षेत्र में न्यूनतम तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। तमिलनाडु, पुडुचेरी और आंध्र प्रदेश में हल्की बारिश की चेतावनी है। दिल्ली, यूपी, बिहार, उत्तराखंड और राजस्थान के कई शहरों में घने कोहरे का अलर्ट है, जिससे तापमान में गिरावट आएगी और लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के ऊंचे इलाकों में निरंतर बर्फबारी हो रही है, जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है।

## बीएसएफ ने 5.47 करोड़ रुपये के सोने के 36 बिस्कुट जब्त किए, तस्कर गिरफ्तार



**कोलकाता।**

बंगाल के नदिया जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा के पास सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की 32वीं वाहिनी के जवानों ने एक बार फिर सोने की तस्करी की बड़ी कोशिश को नाकाम कर 5.47 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के सोने के 36 बिस्कुटों की बड़ी खेप जब्त की और एक कथित भारतीय तस्कर को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दक्षिण बंगाल फ्रंटियर, बीएसएफ ने एक बयान में कहा कि बानपुर सीमा चौकी के जवानों ने गुरुवार को एक विशिष्ट खुफिया जानकारी मिलने के बाद यह अभियान चलाया तथा संदिग्ध तस्करी मार्गों पर पैनी नजर रखी।अभियान के दौरान जवानों ने एक व्यक्ति को सीमावर्ती सड़क से बानपुर गांव की ओर संदिग्ध रूप से जाते देखा। बुलाने पर उसने भागने की कोशिश की, लेकिन उसे पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से सोने के 36 बिस्कुट बरामद हुए जिसका कुल वजन 4.23 किलोग्राम है। सोने को बांग्लादेश से तस्करी कर लाया जा रहा था। जब्त सोने और तस्कर को आगे की जांच के लिए कस्टम अधिकारियों को सौंप दिया गया है। बीते 10 दिनों के भीतर दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के सीमा क्षेत्र से सोने की यह तीसरी बड़ी जब्ती है। दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के जनसंपर्क अधिकारी व डीआइजी एनके पांडेय ने इस कार्रवाई की प्रशंसा करते हुए कहा कि बल के सतर्क जवान तस्करी जैसी गैर-कानूनी गतिविधियों को रोकने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने सीमा इलाके के निवासियों से अपील की कि वे सोने की तस्करी से जुड़ी कोई भी जानकारी तुरंत बीएसएफ के साथ सीमा साथी हेल्पलाइन नंबर 14419 या वाट्सऐप नंबर 9903472227 पर साझा करें। पक्की सूचना देने वाले को उचित इनाम दिया जाएगा और उनकी पहचान पूरी तरह से गोपनीय रखी जाएगी।

### हुमायूं कबीर के बयान से बंगाल में सियासी घमासान, भाजपा ने घेरा

**कोलकाता :** निलंबित तृणमूल कांग्रेस विधायक हुमायूं कबीर ने शनिवार दोपहर कड़ी सुरक्षा के बीच भारत-बांग्लादेश की सीमा से सटे बंगाल के मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में बाबरी मस्जिद की नींव रखीं। भाजपा ने इसे लेकर मुख्यमंत्री व तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी पर निशाना साधा है। भाजपा के आइटी सेल के प्रमुख व राज्य में पार्टी के सह-प्रभारी अमित मालवीय ने कहा कि ममता मुस्लिम भावनाओं का ध्रुवीकरण करने के लिए हुमायूं का इस्तेमाल कर रही हैं।

## कोलकाता में आज पांच लाख लोग एक साथ करेंगे गीता पाठ, बाबा रामदेव और धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री होंगे कार्यक्रम में शामिल

**कोलकाता।**

महानगर के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में रविवार को करीब पांच लाख लोग एक साथ गीता पाठ करेंगे। सनातन संस्कृति संसद नामक संस्था की ओर से इस सामूहिक गीता पाठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसका उद्देश्य आम लोगों तक सनातन धर्म की मूल भावना और गीता के सार्वभौमिक संदेशों को पहुंचाना है। मालूम हो कि ब्रिगेड परेड ग्राउंड में पिछली बार 24 दिसंबर, 2023 को सामूहिक गीता पाठ कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें लगभग एक लाख लोगों ने भाग लिया था।


इस बार होने जा रहा आयोजन भारत में अब तक का सबसे बड़ा सामूहिक गीता पाठ होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज करेंगे, जबकि पद्मभूषण साध्वी ऋतंभरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। बागेश्वर धाम के धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री और योगगुरु बाबा रामदेव भी कार्यक्रम में शामिल होंगे।



## भारतीय सेना ने सीमा पर निर्माण कार्यों में लाई क्रांति, चीन से इलाकों में अब घंटों में बनेंगे बंकर-सैन्य चौकियां

**सिलीगुड़ी।**

भारतीय सेना ने सीमा पर निर्माण कार्यों में क्रांति ला दी है। पूर्वी कमान की त्रिशक्ति कोर ने सिक्किम और उसके आसपास चीन की सीमा पर पूरी तरह स्वदेशी आन-साइट 3डी कंक्रीट प्रिंटिंग तकनीक को चालू कर दिया है। इससे ऊंचाई वाले दुर्गम इलाकों में बंकर घंटों में बनकर तैयार हो जाएंगे। सैन्य चौकियां भी तुरंत बन जाएंगी। रक्षा जनसंपर्क अधिकारी गुवाहाटी के ले. कर्नल महेंद्र रावत ने बताया कि यह तकनीक आइआइटी हैदराबाद के साथ मिलकर शुरू किए गए प्रोजेक्ट 'प्रबल' का हिस्सा है। प्रोजेक्ट के तहत विकसित मोबाइल 3डी कंक्रीट प्रिंटर को विशेष रूप से पहाड़ी और सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए बनाया गया है। पूरी यूनिट एक ट्रक में आसानी से ले जाई जा सकती है और बेहद कम समय में सेटअप हो जाती है। प्रिंटर में रोबोटिक आर्म, कंक्रीट मिक्सर, पंप और अपना जनरेटर लगा हुआ है। यह स्थानीय रेत, गिट्टी और सीमेंट से ही काम कर लेता है। सबसे बड़ी खासियत यह है कि जरूरत के हिसाब से इसकी डिजाइन को बदला जा सकता है। ले. कर्नल रावत ने बताया कि प्रिंट की गई संरचनाओं पर गोलीबारी और विस्फोट के लाइव परीक्षण किए गए हैं।



## संपादक की कलम से

# जोरावर स्टेडियम की मूंछें



ललित शर्मा
संपादक

शीतकालीन सत्र की बरसाती के नीचे, आपदा के बुरे वक्त की कहानी में नायक बनी चर्चा का पटाक्षेप तो नहीं हुआ, मगर कुछ विधायकों का दिल पसीज गया। केंद्र से पंद्रह सौ करोड़ की राहत अगर पूरी–पूरी नसीब होती, तो सत्तर लाख आबादी की पलकों पर बैठ जाती यह सद्भावना। शायद अब सद्भावना की मिट्टी सदन में नहीं मिलती। तपोवन में विराजित विधानसभा में कभी सियासत की मिट्टी से शीतकालीन सत्र शिमला से सरक कर कांगड़ा में आया था, लेकिन अब इसके औचित्य में कई मैदानों की मिट्टी खोदी जा रही है। जोरावर सिंह स्टेडियम में हर बार संघर्ष की मूंछें देखी जाती हैं। पेंशनर नहीं दिखा पाए, तो पुलिस ग्राउंड की मिट्टी पर बूढ़ी सांसों को गर्म हवा देते रहे। सरकार चिट्टे के खिलाफ दाड़ी मेला ग्राउंड पर भीड़ बन गई, तो मसला यह शुरू हो गया कि संघर्ष का वारिस किस मैदान को बनाएं। भाजपा जानती है कि जोरावर स्टेडियम की मूंछें सामने तपोवन तक पहुंचती हैं, इसलिए कल का आक्रोश आज साबित कर रहा है कि भीड़ तो यहां भी नारे लगाएगी। सरकार ने समझाया कि जोरावर में आओगे, तो मात्र चार हजार गिने जाओगे। बेहतर है पुलिस स्टेडियम में धौलाधार के सामने टकरा जाओ, तो गिनती ऐतिहासिक हो जाएगी। वैसे भाजपा की जयराम सरकार तो पुलिस ग्राउंड में सबसे बड़ी इन्वेस्टर मीट करवा कर देश के प्रधानमंत्री के कदमों तक को माप चुकी है। खैर जोरावर स्टेडियम की मिट्टी को आक्रोश रैलियों का अनुभव हो चला है। धर्मशाला में भले ही केंद्रीय विश्वविद्यालय को जगह नहीं मिल रही, मगर प्रदेश के गुस्से को शीशे पर उतारने के लिए यहां मैदान ही मैदान हैं। शहर में ही दो दर्जन मैदान इतने काबिल तो हैं कि सारे प्रदेश के गुस्से की गलियां यहां से गुजर जाएं। वैसे जब मुख्यमंत्री खेल भावना से साई मैदान को माप रहे थे, तो भाजपा ने उस परिदृश्य में भी राधे–राधे को तौबा–तौबा कह दिया। बहरहाल, इस समय तपोवन सत्र के बहाने प्रदेश का कहा और प्रदेश का सुना, बता रहा है कि सबके ऊंट किस करवट बैठ रहे हैं। प्रदेश की आर्थिक हिफाजत का एक उल्लेख जोगिंद्रनगर के विधायक प्रकाश राणा करते हैं और कई अन्य भी कर चुके हैं, लेकिन अंतर साधना का है, साध्य का नहीं। जहां कुछ विधायकों ने अपनी बढ़ी हुई तनख्वाह के लिए सदन का समय और प्रदेश के कान छीन लिए, वहीं जिक्र विधायक प्रकाश राणा का उम्दा हालात पैदा करता है। विधायक प्रदेश के आर्थिक संकट की स्थिति में मात्र एक रुपया पगार लेंगे। जाहिर है इस उदाहरण से वे विधायक कुछ सीख लेंगे, जो अपनी विधानसभा के मुद्दों के बजाय अपनी बढ़ी हुई पगार के लिए सदन का नमक खा रहे थे। इसी सदन के सामने हिमाचल के आर्थिक हालात के कई संदर्भ आए हैं। चार सौ से ऊपर खाली इमारतें अगर बेमकसद हैं, तो इस मिट्टी को बचाना होगा। अगर सरकारी बसों के 435 रूट बंद करने पड़ रहे हैं, तो आकाओं की जमीन से कुछ बस डिपो छीनने होंगे। हम कब तक तख्तियों पर जलते जख्म लिखेंगे, आग पेट की कब तक पड़ोसी की नब्ज देखेंगे। क्या सत्ता, क्या विपक्ष, एक बार अपने आक्रोश से बाहर निकल कर सोचें कि हमारी सरकारों ने कितना वक्त गंवाया और क्या सरकारी धन का निवेश सही ढंग से हुआ। हमारा ढांचा हमारी कब्र बन गया, अब घर का चूल्हा घर को जलाने लग गया। आखिर 70 लाख की आबादी को सुशासन, नागरिक सुविधाएं और सामाजिक सुरक्षा जुटाने के लिए कितने कार्यालय, कितने अधिकारी, कितने स्कूल, कितने कालेज, कितने विश्वविद्यालय और कितने मेडिकल कालेज चाहिएं। जनता की अनुभूतियों में सरकारी ढांचे की मिट्टी जर्जर हो रही।

# आतंकवाद की नई परिभाषा गढ़ते तालिबान पाकिस्तान



संजीव ठाकुर

तब जब तालिबान और पाकिस्तान एक-साथ मिलकर, अमेरिका व पश्चिम समर्थित अफगानी शासन के खिलाफ संघर्ष में थे। तब आतंकवाद, संगठित विद्रोह, और पनाह-गाह का एक साझा मंच था। उस संघर्ष का मकसद स्पष्ट था अफगानिस्तान में तालिबानी शासन स्थापित करना, और क्षेत्रीय देश अपने स्वार्थ साधना। पाकिस्तान ने अपने हितों के तहत तालिबान और उनसे जुड़े संगठनों को संरक्षण दिया था। कई आतंकी समूह चाहे वे तालिबान के ही हों या बहु-संगठित भारत, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, और मध्य एशिया में सक्रिय रहे लेकिन वक्त और हालात बदल गए। पहले जिस तालमेल को आतंकवाद की साझा पहचान ने जोड़ा था, अब वही लहू-खून और घात-छिपा युद्ध का कारण बन गया है। पिछले महीनों में सीमा पार कई हिंसक हमले हुए। कथित आतंकवादी संगठनों ने पाकिस्तान की सुरक्षाबलों पर हमले बढ़ा दिए। पाकिस्तान का आरोप है कि ये हमले विशेषकर उन संगठनों द्वारा अफगानिस्तान की जमीन से संचालित हो रहे हैं। हाल ही में, पाकिस्तान ने स्पष्ट रूप से चेतावनी दी कि अगर बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए), टीटीपी या अन्य प्रतिबंधित समूहों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई, तो अफगानिस्तान के शासन और तालिबान दोनों को दुश्मन माना जाएगा।

दूसरी ओर, तालिबान भी खामोश नहीं रहा। उसने पाकिस्तान द्वारा अफगानिस्तान में कथित हवाई हमलों जिनमें मासूमों की मौत हुई को अभियान, सैन्य घुसपैठ, और सरहद उल्लंघन करार दिया। तालिबान के एक मंत्री ने पाकिस्तान की रक्षा नीति को चुनौती देते हुए, उसे कायर दुश्मन कहा और चेतावनी दी कि इस तरह की हरकतों का जवाब दिया जाएगा।

यही नाजुक संतुलन जो कभी साझा थे अब क्लेश, वियोग, और परस्पर अविश्वास में बदल गया है। पाकिस्तान का कहना है कि तालिबान शासन ने उन आतंकवादी समूहों को पनाह दी जिन्होंने खुद पाकिस्तान की सेना व आम नागरिकों को निशाना बनाया। उनकी मांग यह है कि तालिबान उन समूहों को खदेड़े, या उन्हें समाप्त करने की ठोस कार्रवाई करें। क्योंकि, पाकिस्तान का कहना है, जो भी उन्हें पनाह देता है, उकसाता है या फंड करता है, वह हमारे लोगों का मित्र नहीं हो सकता।? तालिबान के लिए जिसे अब काबुल में सत्ता मिली है ।यह कहना आसान हो सकता है कि वे अपने देश के अंदर सीमाओं और नागरिकों की रक्षा करेंगे। लेकिन उस रक्षा की भी कीमत चुकानी पड़ी है। जब पाकिस्तान ने उत्तर वजीरिस्तान और कुर्म बार्डर क्षेत्र में आतंकवादियों के ठिकानों पर हवाई और थल हमले किए, तालिबान ने जवाबी कार्रवाई की धमकी दी। इस बदलते परिदृश्य को यदि हम तत्कालीन इतिहास से जोड़कर देखेंः 2021 में जब तालिबान ने अफगानिस्तान में फिर सत्ता सँभाली, पाकिस्तान की उम्मीदें बहुत थीं कि तालिबान न सिर्फ अफगान, बल्कि क्षेत्रीय संतुलन में पाकिस्तान का साथ देगा। विशेष रूप से, भारतझ्रपाकिस्तान कश्मीर के मसलों में तालिबान को पाकिस्तान का साथी बनाने की कवायद थी। लेकिन वह उम्मीद धरी की धरी रह गई। न तो तालिबान ने कश्मीर पर पाकिस्तान की किसी पुरजोर रणनीति का वादा निभाया, न ही भारत-विरोधी स्पष्ट राजनीतिक रुख अपनाया।

अब, जब तालिबान स्वयं आतंकवादियों के जिनमें टीटीपी, बीएलए आदि शामिल खिलाफ कार्रवाई में रुचि नहीं दिखा रहे, या दिखा भी रहे हो, पर कार्रवाई ठोस नहीं है, पाकिस्तान की नाराजगी बढ़ने लगी। और इस नाखुशी की आंच से दोनों पूर्व मित्र अब आपस में तलवारें खिंचने लगे हैं।

इस विस्तृत परिप्रेक्ष्य में जहाँ दोनों ही पक्षों ने कभी आतंकवाद को पनाह दी, सहारा दिया आज विरासत खतरनाक हैः अस्थिरता, अविश्वास, सीमा पर गोलीबारी, नागरिकों की जान और क्षेत्रीय राज-नैतिक असंतुलन।

भारत के लिए, यह संघर्ष सिर्फ एक सीमापार झड़प नहीं बल्कि एक व्यापक सुरक्षा, भू-राजनीति और कूटनीति का चेहरा है। क्योंकि जब पाक तालिबान जैसी शक्तियाँ आपस में झड़ रही हों, तो आतंकवाद का जाल और जटिल हो जाता है चाहे वह कश्मीर हो या पंजाब, चाहे भारत की सीमाएँ हों या मध्य एशिया का विस्तार। इसलिए, अब यह कहना लाजिमी हो गया है कि आतंकवादियों को पनाह देने वाले देशों चाहे कभी मित्र रहे हों का अंत निश्चित था। और वह अंत सिर्फ उनकी अपूर्णीय साझेदारी का ही नहीं, बल्कि उस साझेदारी के दायित्वों, कूटनीतिक दावों और सुरक्षा प्रणालियों की विफलता का प्रतीक है।

आज, पाकिस्तान राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक तीनों मोर्चों पर अस्थिरता से गुजर रहा है। उसकी सेना, उसकी सीमाएँ, उसका भरोसा सब कुछ सवालों पर है। एक अस्थायी, गठबंधन-सरकार की राजनीतिक कमजोरी, आर्थिक संकट, और बढ़ती आंतरिक असुरक्षा इन सबके बीच तालिबान का विरोध उस संकट को और गहरा कर रहा है।

इस पाशविक युग में, आतंकवाद जो कभी साझा उद्देश्य था अब दोनों के लिए भड़की हुई आग बन गया है। क्योंकि आतंकवादी कभी अपने चरित्र को नहीं भूलते और इस आग में, सीमाएँ नहीं इंसान, जन-जीवन, राज-नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा जलती है।

इसलिए, यह वक्त सिर्फ सामरिक भूल-चूक की नहीं, बल्कि नैतिक पुनर्मूल्यांकन का भी है। आतंकवाद के प्रतीक बने देशों की पहचान मुड़ चुकी है अब वे केवल स्वयं को बचाने की होड़ में हैं।

भारत के लिए, यह अवसर है न सिर्फ सुरक्षा की तैयारी करने का, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर यह संकेत देने का कि आतंकवाद केवल एक देश या संगठन का नहीं, बल्कि एक वैश्विक समस्या है जिसकी जड़ें साझा हैं। क्योंकि आतंकवादियों के खिलाफ गठबंधन, सिर्फ युद्ध की रणनीति नहीं एक नैतिक और वैचारिक लड़ाई है।

और जब दो पूर्व सहयोगी, आपस में संघर्षरत हों तब असली जीत उस विचार की होगी जो आतंकवाद की पनाह-गाहों को मिटा दे, और मानवीय सुरक्षा, कूटनीतिक स्थिरता व क्षेत्रीय शांति को प्राथमिकता दे।

# कैंपस प्लेसमेंट में धांधली नैतिकता और छात्र हितों का हनन





ललित गर्ग

देश के प्रमुख प्रौद्योगिकी संस्थानों-विशेषतः आइआइटीज द्वारा 20 से अधिक कंपनियों को कैंपस प्लेसमेंट प्रक्रिया से बाहर करना केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि भारत की उच्च शिक्षा व्यवस्था में नैतिकता, पारदर्शिता और छात्र-हित संरक्षण को मजबूती प्रदान करने वाला साहसिक कदम है। इन कंपनियों ने छात्रों को ऑफर लेटर दिए, उनके परिवारों के भीतर आशा की किरण जगाई और अंतिम समय में बिना स्पष्ट कारण उन्हें रद्द कर दिया। यह केवल एक अनुबंध उल्लंघन नहीं, बल्कि छात्र के भविष्य, उसके मानसिक संसार और उसके सामाजिक विश्वास पर सीधा प्रहार है। आइआइटी, एनआइटी और शीर्ष विश्वविद्यालयों में प्रवेश पाना किसी विद्यार्थी की दीर्घकालिक मेहनत और प्रतिभा की पहचान है। प्लेसमेंट और ऑफर लेटर केवल नौकरी नहीं, बल्कि परिवार के लिए भविष्य की सुरक्षा, सामाजिक प्रतिष्ठा और आत्मविश्वास का प्रतीक होते हैं। ऐसे में जब कंपनियां अचानक अपना वादा तोड़ देती हैं, तो विद्यार्थी केवल पेशेवर नुकसान नहीं झेलते, बल्कि मानसिक तनाव, अविश्वास और सामाजिक दबाव से भी गुजरते हैं। यह उनके मनोबल को कमजोर करता है और उनकी योग्यता के सम्मान को ठेस पहुंचाता है। इस तरह की स्थितियां बनना न केवल भारत की उच्च शिक्षा व्यवस्था पर एक चिन्ताजनक दाग है, बल्कि सरकार एवं कम्पनियों पर छात्रों के जीवन से खिलवाड़ करने का शर्मनाक द्योतक है।

निस्संदेह वैश्विक अर्थव्यवस्था अनिश्चितता, मंदी, छंटनी और बाजार उतार-चढ़ाव से जूझ रही है। लेकिन इन चुनौतियों का भार छात्रों के कंधों पर डालना किसी मानवीय, पेशेवर या नैतिक दृष्टि से उचित नहीं कहा जा सकता। विश्वविद्यालय किसी प्रयोगशाला की तरह नहीं हैं जहां विद्यार्थियों को जोखिमपूर्ण स्थिति में डालकर कंपनियां प्रयोग चलाती रहें। आइआइटीज का यह निर्णय स्पष्ट संदेश देता है कि छात्रों के भविष्य और सम्मान से खिलवाड़ सहन नहीं किया जाएगा तथा संस्थान उनके साथ खड़ा रहेगा। यह कदम उच्च शिक्षा की गरिमा और राष्ट्रीय प्रतिभा के सम्मान की पुनर्स्थापना है। यह अन्य विश्वविद्यालयों के लिए भी मार्गदर्शक हो सकता है, क्योंकि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री देना नहीं बल्कि सुरक्षित और विश्वसनीय भविष्य प्रदान करना है। देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में प्रवेश लेना ही छात्रों के लिये एक बड़ी चुनौती होती है, छात्र इन संस्थानों के भारीभरकम आर्थिक बजट को किसी तरह पूरा करते हैं, इसके बाद भी उनको नौकरी नहीं मिलती है तो यह उनके जीवन को अंधकारमय बना देने जैसा है।

देश के अधिकांश शिक्षण संस्थानों में प्लेसमेंट व्यवस्था उतनी सुदृढ़ और पारदर्शी नहीं है, जितनी आइआइटीज में। हजारों छात्र नौकरी व अवसर की आशा में बैठते हैं और कुछ कंपनियां इस स्थिति का दुरुपयोग कर ह्लऑफर रद्द करनेह्व की प्रवृत्ति अपनाती हैं। अब आवश्यक है कि अन्य विश्वविद्यालय भी कड़ी और अनुशासित प्लेसमेंट नीति अपनाएं, कंपनियों के व्यवहार का रिकॉर्ड रखें और बार-बार गलती करने वालों को ब्लैकलिस्ट करें। यदि शीर्ष विश्वविद्यालय सामूहिक रूप से यह कदम उठाएं, तो कॉर्पोरेट जगत पर नैतिक अनुशासन का दबाव स्वतः निर्मित होगा। यह विषय अब केवल विश्वविद्यालय का मसला नहीं बल्कि राष्ट्रीय चिंता बन चुका है। छात्रों की बेरोजगारी, अवसरों की अनिश्चितता और कंपनियों की बेहिसाब मनमानी देश की प्रतिभा को क्षति पहुंचा रही है। इसलिए सरकार और नियामक संस्थाओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। सरकार को चाहिए कि प्लेसमेंट अनुबंध और कंपनियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने वाले स्पष्ट दिशानिर्देश बनाए, कंपनियों के व्यवहार का राष्ट्रीय डाटा रिकॉर्ड विकसित करे, गलती करने वाली कंपनियों को सरकारी परियोजनाओं और प्रोत्साहनों से वंचित करे तथा आवश्यकता पड़ने पर कानूनी कार्रवाई भी सुनिश्चित करे। छात्रों के संरक्षण हेतु बैकअप प्लेसमेंट समर्थन, आर्थिक सहायता और अनुबंधिक सुरक्षा उपाय जैसी व्यवस्थाएं भी विकसित की जानी चाहिए, ताकि किसी छात्र का भविष्य कंपनी की मनमानी से प्रभावित न हो।

आइआइटी जैसे संस्थानों में प्रवेश पाना ही किसी भी छात्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि होती है। आइआइटी की प्लेसमेंट व्यवस्था पहले से ही काफी अनुशासित और नियमबद्ध है। कंपनियों को भाग लेने से पहले कई शर्तों का पालन करना होता है। इसके बावजूद यदि कोई कंपनी अपने वादे से मुकरती है, तो उसे जवाबदेह ठहराया जाना आवश्यक है। क्योंकि छात्रों को जब ऐसे किसी प्रतिष्ठित कंपनी से ऑफर लेटर मिलता है, तो वह न केवल उनके कॅरियर, बल्कि पूरे परिवार के भविष्य की उम्मीद बन जाता है। यदि वही कंपनी अंतिम समय में बिना ठोस वजह के ऑफर रद्द कर दे, तो यह केवल पेशेवर अनुशासन की कमी नहीं, बल्कि छात्रों के साथ किया गया खुला विश्वासघात है। आज का कॉर्पोरेट जगत तेजी से बदल रहा है, उसके मूल्य और मानक बिखर रहे हैं, भारत जब दुनिया की तीसरी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, तब ऐसी त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण स्थितियों का बनना चिन्ताजनक है। इससे भारत के उच्च शैक्षणिक संस्थानों की साख एवं प्रतिष्ठा भी दांव पर लगती है, इन्हीं स्थितियों के कारण छात्र विदेशों में उच्च शिक्षा के लिये अग्रसर होते हैं। भारत ज्ञान और युवा शक्ति का देश है। उसके शीर्ष संस्थानों की वैश्विक प्रतिष्ठा तभी कायम रह सकती है जब प्लेसमेंट प्रक्रिया भरोसेमंद, सम्मानजनक और नैतिक होगी। कंपनियों को भी समझना होगा कि युवाओं के साथ अनुचित व्यवहार उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाता है और समाज के साथ उनके संबंध कमजोर करता है। आइआइटी का यह निर्णय उन कंपनियों के लिए चेतावनी तो है ही, लेकिन शिक्षा जगत और नीति निमार्ताओं के लिए अवसर भी है-एक ऐसी प्रणाली विकसित करने का अवसर जहां छात्र का सम्मान एवं जीवन-सुरक्षा सर्वोपरि हो। यदि संस्थान, सरकार और समाज मिलकर स्पष्ट, कठोर और नैतिक ढांचा बनाएं तो निश्चित ही युवा प्रतिभा सुरक्षित होगी और भारत की विश्वसनीयता भी सुदृढ़ होगी। छात्र केवल डिग्री प्राप्त करने वाले नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की नींव हैं। उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं होना चाहिए। इसलिए आइआइटी का यह निर्णय स्वागतयोग्य है, बल्कि इसे बदलाव की दिशा में एक निर्णायक पहल के रूप में देखा जाना चाहिए। यदि अन्य विश्वविद्यालय, सरकार और समाज भी इसी दिशा में आगे बढ़ें, तो निश्चित ही देश की प्रतिभा को वह सम्मान, सुरक्षा और अवसर मिलेगा जिसकी वह अधिकारी है। उच्च शिक्षा संस्थानों में प्लेसमेंट के नाम पर कंपनियों द्वारा छात्रों के साथ की जाने वाली धांधली, छल-प्रपंच और वायदाखिलाफी आज एक गम्भीर चिंता का विषय है। अनेक बार छात्रों को आकर्षक वेतन, उज्ज्वल भविष्य और स्थायी नौकरी के सपने दिखाए जाते हैं, किंतु चयन प्रक्रिया के बाद उन्हें कम वेतन, अस्थायी अनुबंध, असंगत कार्यक्षेत्र या नियुक्ति टालने जैसी स्थितियों का सामना करना पड़ता है। यह विश्वासघात केवल छात्र का नहीं, बल्कि संस्थान और शिक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता का नुकसान है। अतः भारत सरकार को एक स्पष्ट, कठोर और पारदर्शी नीति बनानी चाहिए, जिसमें प्लेसमेंट देने वाली कंपनियों की जवाबदेही सुनिश्चित हो, अनुबंधित शर्तों का पालन अनिवार्य हो तथा उल्लंघन पर दंडात्मक प्रावधान हों।

इससे छात्रों का भविष्य सुरक्षित होगा, शिक्षा-प्रणाली की गरिमा बचेगी और उद्योग जगत में विश्वसनीयता एवं नैतिकता की संस्कृति विकसित होगी। इस दृष्टि से आइआइटी प्रशासन का ताजा निर्णय कि ऐसी कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया जाए, एक सख्त संदेश देता है कि छात्रों का सम्मान, कैरियर और भविष्य सर्वोपरि है। आज आवश्यकता इस बात की है कि दुनियाभर में अपनी पहचान रखने वाले आइआइटी और एनआइटी जैसे संस्थान इस तरह की नीति अपनाएं। इससे कंपनियों पर नैतिक और व्यावसायिक अनुशासन बनाए रखने का दबाव बनेगा।

## उदय किशोर साह



### प्रकृति से मत कर छेड़खानी

कविता

ये बरसात की। टपकता पानी
गुमसुम है। मौसम की जुवानी
बेमौसम की अजब है कहानी
बिन न्यौता की आई वर्षा रानी

ठंड पे ठंड की कर दी है आगाज
काँप रहे हैं पेड़ों पे मजबूर परवाज
कहाँ से लायें गरमी की गरम आँच
बेबस दीख रहा है नभ का भी बाज

तेज हुई धरा पे जल प्रलय की रवानी
बहा ले जा रही है मानव की दाना पानी
धरती पर दीख रही है पानी ही पानी
प्रकृति से क्यूं की हमने यहाँ छेड़खानी

बादलों की चादर में छुपा है दिनमान
गाँव गाँव से रोशनी हो गई है गुमनाम
बिजली भी गुल हो गई इसे भी जान
काम ना आ रही है अब जान पहचान

मत कर रे प्रकृति से कभी भी मनमानी
दुष्परिणाम बन जायेगी तेरी ही नादानी
गाली तब होगी हर एक की जुवानी
प्रकृति से मत कर भाई तुँ छेड़खानी

# उत्सवों की सूखती त्रिवेणी



विजय गर्ग

कला का रिश्ता संगीत से है और विध्वंस का शोर से। और जब त्योहारों और पारिवारिक उत्सवों में संगीत के स्थान पर शोर कब्जा कर ले, तब इसमें क्या शक रह जाता है कि कला के ऊपर विध्वंस हावी हो चुका है ।हमारे आसपास और दूरदराज की दुनिया इसका उदाहरण बन चुकी है। पिछले चार दशकों के दौरान यह दुनिया तेजी से बदली है। मनुष्य ने अपने जीवन से कलात्मक संघर्ष के सारे अवसर समाप्त कर दिए हैं। दिवाली के दीये पूरी रात नहीं जलते रह सकते थे । उनका होना अंधेरे के प्रतीकात्मक रूप से जूझ कर दिखाना भर था । उस रोशनी में एक सुकून से भरा एक आनंद था, लेकिन स्वीकार्यता भी थी । यह स्वीकार्यता कहती थी कि हार मानना भी नहीं है और हार को पचा जाना भी सीखना है। मनुष्य के भीतर का यह बोध उसे एक तरफ तो अहंकार से बचाता था और दूसरी ओर उसी अंधेरे की बांह में सिमटकर चैन की नींद सो जाना भी सिखाता था ।

मनुष्य अंधेरे से जितना डरता और घबराता था, उतने भर की रोशनी भी जुगाड़ कर लेता था, लेकिन कालांतर में उसने अंधेरे को जीत लेने का प्रण ठान लिया । दिवाली और आसपास के सब त्योहार बीत जाने पर भी बिजली की लड़ियां बालकनी में लटकी दिप-दिप करती दिख जाती हैं। कई जगहों पर भयानक विराट उजाले में भी उन्हें न जाने किससे लड़ने को छोड़ा गया है । कभी एक कतरा अंधेरा किसी कोने से दबा- छिपा गुजरता भी होगा, तो व्यंग्य भरी मुस्कान के साथ कहता होगा कि 'रहो भाई, तुम्हीं रहो, हम तो चले पाताल' ।मनुष्य शायद भूल गया कि जिसे जीतना था, वह तो अपने भीतर का भय, आतंक और अहंकार रूपी अंधेरा था, लेकिन वह तो उल्टे कई-कई गुना बढ़ गया। हुआ यह कि बाहर का भौतिक अंधेरा धरती और आसमान दोनों से मिट गया। के है। जिस चांद और तारों से भरे आसमान को देखकर मनुष्य भीतर कलात्मकता का सागर उमड़ता था, अब वह आसमान धूल में नहाया हुआ और कई बार खीझा हुआ दिखाई पड़ता पवित्र हिमालय की श्वेत चादर हमारे कीचड़ सने पैरों से मैली हो चुकी है। आसमान भी कुछ ऐसी ही कीचड़ से भरी टूटी-फूटी गली जैसा दिखाई देता है । यों भी, उधर अब देखता ही कौन है ? क्या हम रोशनी का अनुपात भूल गए ? आखिर कितनी रोशनी चाहिए हमें जिंदा रहने के लिए? क्या उसकी कोई सीमा नहीं? इतनी रोशनी बढ़ गई है कि अब वह वक्त दूर नहीं जब लोग, खासकर शहरों में रहने वाले लोग, अंधकार के अधिकार के लिए कोर्ट-कचहरी करते नजर आएंगे। यह एक कल्पनात्मक स्थिति है, लेकिन प्रकृति के उतार-चढ़ावों को समझने लिए किसी सिरे की तो जरूरत होगी !

इस अपार रोशनी के शोर ने हमारी चेतना को बहरा कर दिया है। क्या हमने कभी उन पार्टियों में शिरकत की है, जहां नीम अंधेरे में संगीत का भयानक शोर मानव शरीर को कंपायमान कर देता है ? गजब बात यह कि इसे भी संगीत कहा जाता है, लेकिन हर वह चीज जिसमें गति और लय होती है, क्या वह मनुष्य के जीवन के लिए कल्याणकारी है ? अगर ऐसा है तो क्या हम शिव के तांडव की कामना करना चाहेंगे ? नहीं, क्योंकि वह संगीत विध्वंस और संहार का है । वह मनुष्य के लिए नहीं ।

हर व्यक्ति यह समझने के लिए मनोवैज्ञानिक नहीं हो सकता, लेकिन बारूद से उपजते शोर और प्रकाश को मनुष्य ने कब और कैसे अपने उत्सव और आनंद से जोड़ लिया, यह मनोवैज्ञानिक शोध का विषय है। हमारे पूर्वजों ने उत्सवों को नृत्य और संगीत से जोड़ा, कलात्मक सृजन से जोड़कर भूमि और भित्तियों को सजाने से जोड़ा, अन्न और अग्नि के संबंध को बनाकर सुस्वादु रसों की निष्पत्ति से जोड़ा, मन और शरीर दोनों के शुद्धिकरण और सौंदर्यीकरण से जोड़ा, एक दूसरे के प्रति क्षमाभाव से जोड़कर सामाजिकता को मजबूत करने से जोड़ा! और आज हम उत्सव की सात्विकता को शोर और चकाचौंध के किस दलदल में धकेल आए हैं, जहां या तो मानवीय सौंदर्यबोध का विनाश है या फिर सामाजिक दायित्वबोध का ।क्या अब हमने उत्सव के दिनों में स्वार्थ और बेवकूफी की पट्टी नहीं बांध ली है और ऊपर से वह शोर भी हावी कर लिया है, जहां किसी जीव की आंखों में जलता हुआ धुआं भी देखने के लिए हम अयोग्य साबित हो चुके हैं। उत्सवों को हमने शोषण और दोहन का अवसर बना दिया है। ये सामाजिक हाशियाकरण के औजार बन गए हैं। प्रदर्शन और अहंकार इसके नए स्थापित आयाम हैं ।अपार शोर और बाजार के विराट स्वरूप के नीचे, बल्कि बहुत नीचे संवेदना, कलात्मकता और आनंद की धारा लुप्त हो गई है। इस त्रिवेणी पर उत्सव का आयोजन तो बड़ा भारी है, लेकिन जल की एक बूंद भी नहीं है । आज कबीर होते, तो इस बात पर रो देते । वे अपनी जलती हुई लुकाठी लेकर इन मुर्दों की भीड़ को खदेड़ देते और अपने हाथों से त्रिवेणी की मिट्टी को तब तक कुरदते, जब तक उन्हें वहां सोई हुई सरिता नहीं मिल जाती। वे इस उत्सव की त्रिवेणी को फिर से चांदी से चमकते जल से भर देते, जिसमें मनुष्य अपना मुख धोकर चैतन्य हो पाता। तो कबीर कहां हैं ? क्या हम सबको अपने भीतर झांक कर नहीं देखना चाहिए !

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# इंटरकॉलेजटस एथलेटिक्स प्रतियोगिता में इंद्रप्रस्थ कॉलेज के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**वेलकम इंडिया, राजीव चौधरी**




**सहारनपुर/ नागल।** इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी सहारनपुर के छात्रों ने इंटरकॉलेजटस एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए नंदिनी कश्यप ने दो इवेंट्स में बेहतरीन प्रदर्शन स्ट्रिपलचेंज में भी तृतीय स्थान प्राप्त किया, रितु ने 3 किलोमीटर स्ट्रिपलचेंज मैं दूसरा स्थान प्राप्त कर मेडल अपने नाम किया। दिव्यांशी ने 100 मीटर में तीसरा स्थान प्राप्त किया, सिमरन ने 800 मीटर में तीसरा स्थान प्राप्त किया, शोभित कुमार ने 3 किलोमीटर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, मैक्स रिले में 400 मीटर रिले सिमरन, दिव्यांशी, शोभित, अभी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, 400 मीटर रिले में नंदिनी, रितु ,दिव्यांशी सिमरन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर रिले में नंदिनी, रितु ,दिव्यांशी, सिमरन ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। इंद्रप्रस्थ कॉलेज की निदेशक डॉ अंजू वालिया , भूपेंद्र सिंह , सोनम राजपूत, विकास चौधरी ने सभी छात्र छात्राओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। संस्था की निदेशक डॉ अंजू वालिया ने कहा कि यह हमारे महाविद्यालय के लिए गर्व की बात है कि मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में हमारी संस्था के छात्रों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिन छात्रों ने जीत हासिल की है उन्होंने यह सिद्ध कर दिया है कि मेहनत, लगन और निरंतर अभ्यास से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।

# पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा थाना गंज का आकस्मिक निरीक्षण कर थाना क्षेत्र में की गई पैदल गश्त



**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक,रामपुर के साथ थाना गंज का आकस्मिक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय पर बने अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, फ्लाई शीट आदि एवं उनके रख रखाव, साफ-सफाई, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टयों को चैक किया गया। साथ ही थाना परिसर मे बने कार्यालय, मालखाना, भोजनालय, हवालात, कम्प्यूटर कक्ष, मिशन शक्ति केन्द्र, साईबर सेल आदि की साफ- सफाई का जायजा लेकर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । निरीक्षण उपरांत पुलिस अधीक्षक,रामपुर द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर के साथ थाना गंज क्षेत्रान्तर्गत अपराध नियन्त्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा आमजन मानस में सुरक्षा भावना जाग्रत करने के दृष्टिगत मुख्य मार्गों, भीड-भाड़ वाले स्थानो एवं बाजार में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त गई ।

# बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर हम सबके पथप्रदर्शक उनके जीवन से ले प्रेरणा-सुधीर सिंह



**वेलकम इंडिया**

**झांसी!** बाबासाहेब के 70 वें परिनिर्वाण दिवस पर भाजपाइयों ने सुधीर सिंह जिलाध्यक्ष झांसी महानगर के नेतृत्व में कचहरी चौराहा स्थित बाबासाहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि द्वारा बाबासाहेब के योगदानों को याद करते हुये उनके परिनिर्वाण दिवस पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सुधीर सिंह ने कहा कि बाबासाहेब सर्व समाज के सच्चे हितचिंतक थे उन्होंने सदैव शोषितों,पिछड़ों एवं समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को समान अधिकार और सामान भागीदारी की वकालत की,उन्होंने समाज को शिक्षा के माध्यम से सशक्त करने के अनेकों प्रयत्न किए।अपने जीवन काल में उन्होंने सदैव समाज में फैली विषमताओं,छुआछूत,जातिवाद , आदि कुरीतियों को मिटाने में अपने जीवन को समर्पित किया ।भारत के संविधान के निर्माण में अतुलनीय योगदान के लिए सारा भारतवर्ष सदैव उनका ऋणी रहेगा। आज भाजपा नरेंद्र मोदी के सानिध्य में बाबासाहेब के मिशन को पूरा कर रही और आने वाले समय में प्रत्येक भारतीय सशक्त हो एक विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत का प्रतिनिधित्व करेगा उन्होंने कहा की बाबासाहेब भारतीय राजनीति एवं समाज सुधारक के रूप में वो प्रकाशपुंज थे जिनके जीवन से प्रत्येक व्यक्ति को प्रेरणा लेनी चाहिए क्योंकि वो हमारे पथप्रदर्शक थे उनका जीवन एवं दर्शन हमारे लिए सदैव प्रेरणा का कार्य करेगा । इस अवसर पर एमएलसी रामतीर्थ सिंघल, शिक्षक विधायक डॉ बाबूलाल तिवारी,जिला पंचायत अध्यक्ष पवन गौतम, राजकांतेश वर्मा,अखिलेश गुप्ता,नंदकिशोर भिलवारे,अमित साहू, रानू देवलिया ,संजय आनंद, ओम बिहारी भार्गव,प्रमोद कुशवाहा,लखन कुशवाहा,संतराम पेंटर,प्रदीप गुप्ता,कपिल बिरसैनिया,चेतन ओझा, शिवम राय ,दीपक त्रिपाठी,राहुल कुर्ली , अमर सिद्ध,चित्रांक द्विवेदी, मुकुल द्विवेदी, अनूप करोसिया,आदर्श गुप्ता ,रजनी गुप्ता,रजनी वर्मा ,रूबी कुशवाहा,सोनम चौहान,अनुराग अहिरवार,ध्रुव राजपूत,भूपेंद्र सिंह ,धर्म करोसिया सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसुनवाई-जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु अधिकारियों को दिए निर्देश

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**




**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र की उपस्थिति में तहसील सदर सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 33 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 03 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए शिकायतकताओं ने अपनी समस्याएँ प्रस्तुत कीं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समाधान दिवस में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का प्रभावी निस्तारण प्राथमिकता पर किया जाए। शासन की मंशा के अनुरूप जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की शिथिलता नहीं बरती जाए। निस्तारित प्रकरणों की वास्तविक प्रगति की समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि समाधान दिवस का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आमजन की समस्याएँ उच्च स्तर पर सुनी जाएँ और त्वरित न्याय मिले।

पुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों पर निर्देश देते हुए कहा कि पीड़ितों को त्वरित राहत एवं न्याय दिलाना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रत्येक शिकायत पर समयबद्ध व निष्पक्ष कार्यवाही की जाए।

# श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ के छठ दिवस में भक्तों ने श्रवण की राम विवाह की कथा


**वेलकम इंडिया**



**झाँसी** - प्रेमनगर खातीबाबा क्षेत्र स्थित श्री गौड़ बाबा सिद्धाश्रम पर श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ के छठ दिवस में समस्त भक्तों ने कथा श्रवण की उसके बाद छठ दिवस की कथा का प्रारंभ श्रीरामचरितमानस एवं पुराणों के पूजन-अर्चन के साथ हुआ और श्री राम कथा के छठ दिवस में कथा श्रवण कराते हुए अंतराष्ट्रीय कथा व्यास पूज्य जगतगुरु श्री राम दिनेशाचार्य जी महाराज श्री हरिधाम पीठ अयोध्या धाम ने राम विवाह प्रसंग की कथा सुनाई और कहा कि कथा सुनने से जीवन की हर व्यथा मिट जाती है। उन्होंने बताया कि राम विवाह एक आदर्श विवाह है। तुलसीदास ने राजा दशरथ, राजा जनक, राम व सीता की तुलना करते हुए बताया है कि ऐसा समधी, ऐसा नगर, ऐसा दुल्हा, ऐसी दुल्हन की तीनों लोक में कोई बराबरी नहीं हो सकती और कथा सुनाते हुए कहा कि राजा जनक ने अपनी बेटी के लिए स्वयंवर रचाया। उन्होंने एक प्रतिज्ञा रखी कि जो शिव पिनाक को खंडन करेगा वो सीता से नाता जोड़ेगा। उस धनुष को तोड़ने के लिए कई राजा व राजकुमार पहुंचे लेकिन सभी विफल रहें। ऐसे में राजा जनक ने सभा में कहा कि आज धरती वीरों से विहीन हो गई है, सभी अपने घर जाएं। इसके बाद लक्ष्मण को क्रोध आया और उन्होंने कहा कि अगर श्रीराम की आज्ञा हो तो धनुष क्या, पूरे ब्रह्मांड को गेंद की तरह उठा लूं। स्वामी ने कहा कि धनुष अहंकार का प्रतीक है व राम ज्ञान का प्रतीक। जब अहंकारी व्यक्ति को ज्ञान का स्पर्श होता है तब अहंकार का नाश हो जाता है। श्रीराम में वो अहंकार नहीं था और उन्होंने धनुष उठाया और उनका विवाह सीता से हुआ। इस बीच संगीतमय भजनों पर श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण किया व एक कुंडीय यज्ञ में भक्तों ने आहुति दी साथ ही सभी भक्तों ने एक कुंडीय यज्ञ की परिक्रमा की।

# रामपुर ट्रॉफी लीग में दो मुकाबले, दो विजेता– बाबा और सनराइज का दबदबा कायम

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**




**रामपुर।** महात्मा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित रामपुर ट्रॉफी लीग सेशनझ2 में शनिवार को दो रोमांचक क्रिकेट मैच खेले गए, जिनमें बाबा क्रिकेट क्लब और सनराइज क्रिकेट क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। पहले मुकाबले में बाबा क्लब और गोल्डन क्रिकेट क्लब आमने-सामने हुए, जिसमें बाबा क्लब ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का निर्णय लिया। गोल्डन क्लब ने निर्धारित ओवरों में 5 विकेट खोकर 172 रन बनाए, जिसके जवाब में बाबा क्लब ने मजबूत शुरूआत करते हुए 173 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। इस मैच में बाबा क्लब के अब्दुल रज्जाक ने केवल 36 गेंदों में 68 रनों की आतिशी पारी खेली, जिसमें 5 छक्के और 6 चौके शामिल रहे। उनके दमदार प्रदर्शन पर उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया, जबकि सऊद खां गेम चेंजर रहे, दूसरे मुकाबले में सनराइज क्रिकेट क्लब ने रजा क्रिकेट क्लब के खिलाफ जोरदार अंदाज में खेल दिखाया। सनराइज क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और 5 विकेट के नुकसान पर 239 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा कर दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रजा क्रिकेट क्लब की टीम दबाव में लड़खड़ा गई और 149 रन बनाकर 8 विकेट खोकर ही सिमट गई। रजा क्लब की ओर से सैयद अदिल मियां ने 59 गेंदों पर 77 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली, जिसमें 4 छक्के और 10 चौके शामिल थे। उधर सनराइज क्लब के मोहित कटारिया ने 34 गेंदों में 72 रन ठोककर मैच को एकतरफा बना दिया और उन्हें मैन ऑफ द मैच का सम्मान दिया गया, जबकि विजय पंछी को इस मैच का गेम चेंजर चुना गया,

टूनामेंट के पहले मैच में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार शर्मा उर्फ निक्कू पंडित मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे और खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। वहीं दूसरे मैच में वरिष्ठ पत्रकार फहीम कुरैशी ने अपने साथ आए पत्रकारों के साथ मिलकर पुरस्कार वितरित किए। आयोजन के दौरान एडवोकेट सय्यद आदिल मियां, आमिर कुरैशी, एजाज पठान, पत्रकार मोहम्मद अमान खान, इकबाल खां, जीशान खां, मुजस्सिम, यासीन खान, जीशान सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# सांप्रदायिक ताकतों के खिलाफ थे डॉ अंबेडकर, कांग्रेस ने हमेशा दिया सम्मान



**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर।** संविधान निमार्ता, दलितों और अल्पसंख्यकों के मसीहा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर शनिवार को जिला कांग्रेस कार्यालय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। कांग्रेसजनों ने बाबा साहेब के विचारों, संघर्ष और समाज परिवर्तन की उनकी दृष्टि पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान ने कहा कि बाबा साहेब ने भारत के संविधान के माध्यम से समाज के वंचित वर्गों, दलितों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं और पिछड़े तबकों को सम्मान और अधिकार दिलाने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। उनके विचार भारतीय लोकतंत्र की नींव हैं और आज भी हमें बराबरी, न्याय और भाईचारे का मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब सांप्रदायिक ताकतों के खिलाफ थे और समाज को एकजुट रखने के लिए प्रयासरत थे।

# सपा समीक्षा एवं बी एल ऐ सम्मान समारोह का आयोजन



**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर।** जहांगीराबाद समाजवादी पार्टी की ओर से आयोजित समीक्षा एवं बी एल ऐ सम्मान समारोह शनिवार को सपा नेता विनोद यादव के गेराज पर आयोजित किया गया। अनिल चौधरी के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को लेकर व्यापक तैयारियां की गई थीं, लेकिन अपेक्षा के अनुसार भीड़ न पहुँच पाने से आयोजनकर्ता मायूस नजर आए। सैकड़ों की संख्या में कार्यकताओं के आने का दावा किया गया था, सपाइयों के ढीलेपन के चलते उपस्थिति क्षमता काफी कम रही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद जावेद अली खान ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कार्यकताओं को सचित्र रिपोर्ट तैयार रखने और बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनावों में सपा को मजबूत रणनीति और समर्पित जमीनी कार्य की आवश्यकता है। बैठक में जिला अध्यक्ष मतलूब अली, हिमायती अली, पूर्व विधायक होशियार सिंह, शेख रईस, हसीन सैफी, खालिद सिद्दीकी,राशिद गाजी, समेत अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बाबा साहब के परिनिर्वाण दिवस पर भावभीनी श्रद्धांजलि

**वेलकम इंडिया**

**टाण्डा।** क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय फैजुल्लानगर में शुक्रवार को बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के 70वें परिनिर्वाण दिवस पर पूर्ण श्रद्धा के साथ उन्हें याद किया गया।विद्यालय स्टॉफ और बच्चों द्वारा डॉक्टर अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका प्रज्ञा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संविधान के शिल्पी और समाज सुधारक डॉक्टर अंबेडकर ने अपना समूचा जीवन जातिवाद के उन्मूलन और दलित-पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। विश्व के सर्वाधिक पढ़े-लिखे विद्वानों में शुमार बाबा साहब ने कभी घमंड नहीं किया।उन्होंने जातिवाद की दीवारें तोड़कर समाज के हर वर्ग को बराबरी का हक दिलाया और संविधान के जरिए हर भारतीय को गरिमा की जिंदगी दी। सहायक अध्यापिका प्रीति राना ने कहा कि बाबा साहब ने अपना पूरा जीवन गरीब, शोषित और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए कुर्बान कर दिया। उनकी दूरदर्शिता का ही परिणाम है कि आज देश की बेटियां पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। सहायक अध्यापक राजेश खन्ना ने बाबा साहब के विचारों को दोहराते हुए कहा कि उनकी शिक्षाएं आज भी समाज को दिशा दिखा रही हैं। बच्चों ने बाबा साहब के दिखाए मार्ग पर चलकर देश को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।



# जिलाधिकारी ने महापरिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहेब को दी श्रद्धांजलि

**बुलंदशहर।** भारत रत्न, संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी श्रुति ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन सामाजिक समानता, न्याय और अधिकारों के लिए समर्पित रहा है। उनके विचार आज भी समाज को सही दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी बाबा साहेब के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

# कोटेदारों ने लाभांश बढ़ाने की उठाई मांग

■ ई-पास मशीनें जमा कर कार्य बंद करने की दी चेतावनी

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**सिद्धार्थनगर।** फेयर प्राइज शॉप डीलर्स कोटेदार कल्याण समिति के जिला अध्यक्ष राजधर पांडे के नेतृत्व में सिद्धार्थनगर जनपद के कोटेदारों ने लाभांश बढ़ाने और न्यूनतम आय गारंटी लागू करने की मांग को लेकर सिद्धार्थनगर नौगढ़ तहसील स्थित जिला पूर्ति कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कोटेदारों ने ई-पास मशीनें जमा करने और राशन वितरण कार्य रोकने की चेतावनी दी।

कोटेदारों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित एक प्रार्थना पत्र जिला पूर्ति अधिकारी को सौंपा। उनका कहना है कि यदि समय रहते इस प्रार्थना पत्र पर संज्ञान नहीं लिया गया, तो वे यह पत्र सीधे मुख्यमंत्री को सौंपेंगे। कोटेदारों ने यह भी बताया कि उन्होंने आयुष्मान कार्ड, किसान फॉर्मर रजिस्ट्री, वोटर लिस्ट संशोधन जैसे विभिन्न सरकारी कार्यों में भी सक्रिय सहयोग दिया है। इसके बावजूद उत्तर प्रदेश में मात्र 90 रुपये प्रति कुन्तल लाभांश मिलता है, जबकि हरियाणा, गोवा, केरल, दिल्ली जैसे राज्यों में 200 रुपये प्रति कुन्तल तक लाभांश या न्यूनतम आय गारंटी दी जाती है। गुजरात में 20,000 रुपये मासिक मिनिमम इनकम गारंटी लागू है।

उ०प्र० के कोटेदारों को अन्य प्रदेश की भांति दिया जाये।शासनादेशानुसार डोर स्टेप डिलीवरी गुणवत्तायुक्त खाद्यान्न कोटे के दुकान पर पहुंचाकर दिया जाये। पूर्व का सभी बकाया भुगतान किया जाये। कोटेदारों द्वारा वितरण ऑन लाइन किया जा रहा है, जबकि सत्यापन अधिकारी, वितरण अधिकारी व वितरण प्रमाण-पत्र व स्टॉक रजिस्टर बंद किया जाय राज्य सरकार द्वारा पेपर लेस का आदेश दिया जाये। स्वयं सहायता समूह के दुकान संचालन के सभी जिम्मेदारी होती है, संचालक द्वारा भाड़ा, बिजली बिल, मजदूरी भी दी जाती है। कमीशन का पैसा संचालक के खाते में दिया जाये।एम०डी०एम० और आई०सी०डी०एस० के खाद्यान्न पर भी एन०एफ०एस०ए० खाद्यान्न की भांति कमीशन प्रदान करें।

कोटेदार संघ जिला अध्यक्ष राजधर पांडे ने कहा कि यदि समस्याओं का शीघ्र प्रभावी निस्तारण न किया गया तो, तो वे 28 जनवरी 2026 से अनिश्चितकालीन धरना और विधानसभा घेराव करने को बाध्य होंगे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आंदोलन की स्थिति में इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

ज्ञापन देने वालों में एसोसिएशन के संजय , उदयभान चौबे , दुर्गेश उपाध्याय , प्रमोद साहनी, दुर्गा प्रसाद , बनारसी लाल, किशन बेदी यादव, लालमन , पार्वती देवी , उदय राज, असगरी बेगम, राजेंद्र प्रसाद , शिव प्रसाद , अब्दुल वफा, प्रदीप कुमार, शिवकुमार , प्रेमचंद , आजाद गुप्ता, कमल कुमार , सुग्रीव प्रसाद , अखिलेश, सुशीला देवी, दिलीप कुमार, प्रियंका सिंह , ओम प्रकाश ,रामनाथ , ज्ञानमती , नंदलाल ,कृष्णदेव, तनवीर ,कैलाश ,सुधीर ,राम सेवक , सुनीता , रामवृज, सुरेश , जगदीश, मोहम्मद अमीन, अवध राय ,तुलसीराम, कृष्ण मुरारी, मनोहर , मनौवर हुसैन , सुमन, उदय राज ,त्रिभुवन आदि मौजूद रहे।

# सर्दी में गर्म वस्त्र पाकर खिल उठे बच्चों के चेहरे

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/बलदेव।** विकास खंड बलदेव के प्राथमिक विद्यालय बलरामपुर में सर्दी की शुरूआत में गर्म वस्त्र पाकर बच्चों के चेहरों पर उमंग और खुशी की झलक साफ दिखाई दी। गर्म वस्त्र वितरण समारोह का शुभारंभ देवी कृपा ग्रुप के चेयरमैन उमेश अग्रवाल द्वारा मां सरस्वती के छविचित्र पर माल्यार्पण करके किया गया।

विद्यालय एवं बाल वाटिका के बच्चों को स्वेटर, टोपा, मोजा, स्टेशनरी वितरण कर एवं अल्प जलपान के पश्चात समाजसेवी उमेश अग्रवाल ने बताया कि सर्दियों में कमजोर वर्ग के बच्चों के पास गर्म कपड़े न होने के कारण उन्हें विद्यालय आने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था, उनकी आर्थिक मजबूरियों और परिस्थितियों को देखकर विद्यालय एवं वाल वाटिका के सभी बच्चों को ऊनी वस्त्र वितरित किए गए हैं जिससे बच्चे ठंड में सुरक्षित रह सकें। विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों, अभिभावकों एवं शिक्षकों ने इस पुनीत प्रयास की सराहना की और इसे सामुदायिक सहयोग का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। इस पहल ने न केवल बच्चों को ठंड से बचाया है बल्कि शिक्षा के प्रति समाज की संवेदनशीलता को भी उजागर किया है।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ. जगदीश पाठक ने कहा कि जरूरतमंदों बच्चों की सेवा करना बहुत ही पुण्य कार्य है। बच्चों को सही समय पर गर्म वस्त्र मिलने से बच्चे शारीरिक ओर मानसिक रूप से मजबूत होंगे।

इस अवसर पर शिक्षिका गीता सक्सेना, डॉ ममता रानी, बिंदु शर्मा, अचल कुमार, पूजा रानी आदि की उपस्थिति मुख्य रही। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ. जगदीश पाठक द्वारा किया गया।

## सार संक्षेप

### ब्लॉक शोहरतगढ़.के किसानों में वितरित हुआ मसूर और सरसों का बीज



**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड शोहरतगढ़.के राजकीय कृषि बीज भण्डार छतहरी में मसूर और सरसों बीज का शनिवार को वितरण किया गया। उक्त की जानकारी देते हुए एडीओ (कृषि) राजीव सिंह ने बताया कि वर्तमान समय में राजकीय कृषि भण्डार छतहरी में बीज समेत अन्य वस्तुएं भी उपलब्ध हैं। जिन कृषकों को मसूर और सरसों बीज की आवश्यकता है वह नियमनुसार बीज ले सकते हैं। वर्तमान समय में 50 पैकेट बीज उपलब्ध हैं। शनिवार को 20 से अधिक कृषकों में मसूर बीज का वितरण किया गया। इस दौरान कृषक विजय कुमार पाण्डेय, तौलेश्वर, अशोक कुमार पाण्डेय, अशोक कुमार उपाध्याय, मकसूदुल हसन, देवनारायण, हेमेन्द्र कुमार त्रिपाठी, कैलाशी, संजय, हरिदयाल के साथ कृषि विभाग के श्रीधर शर्मा, धर्मेन्द्र, बच्चू लाल आदि मौजूद रहें।

### सपा नेता मुमताज आलम ने अम्बेडकर भवन में सफाई कर दी श्रद्धांजलि



**मेरठ।** बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर सपा नेता और एडवोकेट मुमताज आलम ने अनोखे तरीके से श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शाहजहांपुर स्थित अम्बेडकर भवन पहुँचकर खुद सफाई अभियान चलाया। मुमताज आलम का कहना है कि बाबा साहब के आदर्शों को अपनाने का सबसे अच्छा तरीका समाज के लिए स्वयं काम करना है। स्थानीय लोगों ने उनके इस कदम की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायक बताया। इस मौके पर चरण सिंह, पूर्व प्रधान युसूफ खान, किसान नेता जावेद खान, शकील खान आदि लोग उपस्थित रहे।

### भूमि विवाद मामले में दखलंदाजी पर हाई कोर्ट सख्त



**गोवर्धन।** अडींग गाँव के किसान सूरजभान द्वारा भूमि विवाद मामले में पुलिस और प्रशासन की कथित दखलंदाजी को लेकर दायर अवमानना याचिका पर इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने मथुरा के डीएम, एसएसपी तथा छह अन्य संबंधित व्यक्तियों को नोटिस जारी कर निर्धारित समय में विस्तृत जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। किसान सूरजभान ने अपनी याचिका में आरोप लगाया है कि उन्होंने वर्ष 2002 में जखनगांव निवासी भीकचंद से कृषि भूमि खरीदी थी। चकबंदी प्रक्रिया निरस्त होने के कारण वर्षों से भूमि का मामला लंबित चल रहा है। सूरजभान का कहना है कि उन्होंने इस संबंध में हाई कोर्ट से स्थगनादेश प्राप्त किया हुआ है, जिसके बावजूद गांव के कुछ प्रभावशाली लोग जमीन पर जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। किसान के अनुसार, राजनीतिक प्रभाव के चलते स्थानीय पुलिस ने न केवल उनकी बात सुनने से इनकार किया बल्कि उन पर दबाव बनाते हुए फर्जी मुकदमा भी दर्ज कर दिया। सूरजभान का आरोप है कि बीती रात नगला परमोदरिया के निकट स्थित विवादित कृषि भूमि पर खड़ी उनकी गेहूं की फसल को विरोधियों ने ट्रैक्टर से जुतवा दिया, जिसकी शिकायत उन्होंने एसएसपी से भी की है। इस प्रकरण में कार्रवाई न होने पर सूरजभान ने हाल ही में हाई कोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की। कोर्ट ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों से यह स्पष्ट करने को कहा है कि पहले से जारी स्थगनादेश के बाद भी भूमि पर हस्तक्षेप क्यों किया गया।

# नागरिक सुरक्षा वार्डेन के 63वें स्थापना दिवस पर जिलाधिकारी ने पदाधिकारियों एवं स्वयंसेवकों को कर्तव्य एवं निष्ठा की शपथ दिलाई

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** नागरिक सुरक्षा विभाग का 63वाँ स्थापना दिवस नागरिक सुरक्षा कार्यालय कलेक्ट्रेट प्रांगण मथुरा में मनाया गया। इस समारोह का शुभारम्भ जिलाधिकारी/नियंत्रक नागरिक सुरक्षा चन्द्र प्रकाश सिंह के कर कमलों द्वारा ध्वजोत्तोलन कर किया गया।जिलाधिकारी द्वारा नागरिक सुरक्षा विभाग के सभी उपस्थित वैतनिक एवं अवैतनिक वार्डेन/स्वयंसेवकों को कर्तव्य एवं निष्ठा की शपथ दिलाई गई। डिप्टी डिवीजनल वार्डेन, नागरिक सुरक्षा राजेश कुमार मित्तल द्वारा गृह मंत्री भारत सरकार, महानिदेशक, नागरिक सुरक्षा भारत सरकार एवं निदेशक, नागरिक सुरक्षा उत्तर प्रदेश के संदेशों का वाचन किया गया। इसके उपरान्त राजेश कुमार यादव अपर जिलाधिकारी/प्रभारी अधिकारी,




नागरिक सुरक्षा मथुरा द्वारा वर्ष 2025 के दौरान किए गये नागरिक सुरक्षा कार्यों की प्रगति रिपोर्ट पढकर सुनाई गई तथा नियंत्रक महोदय को अवगत कराया गया कि नागरिक सुरक्षा नगर मथुरा में स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न समाजिक, धार्मिक एवं राष्ट्रीय पर्वो पर शांति व्यवस्था में ड्यूटी देकर पुलिस / प्रशासन का पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया है।

इसके अतिरिक्त समय-समय पर आयोजित नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण अभ्यास / प्रदर्शन, आपदा से बचाव मॉक ड्रिल, यमुना नदी के जल स्तर बढ जाने के कारण आई बाढ से उत्पन्न परिस्थितियों में सहयोग, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आयोजित आपदा से बचाव हेतु विभिन्न मॉक ड्रिल में भी अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करते हुए अपनी सहभागिता प्रस्तुत की है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा नागरिक सुरक्षा संगठन की प्रशंसा करते हुए अवगत कराया गया कि नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक बिना किसी लोभ लालच के जनपद में आयोजित विभिन्न मेलों, पर्वो तथा प्रशासन द्वारा सौंपे गये कार्यों को सम्पादित किए जाने हेतु उपस्थिति होते है। नागरिक सुरक्षा संगठन ऐसा स्थान कार्य करता है, जहाँ अन्य संस्थाएं कार्य नहीं कर पाती हैं। क्योंकि नागरिक सुरक्षा संगठन के स्वयंसेवक निष्काम सेवा देते है। जिसका निष्कर्ष बहुत अच्छा होता है। कार्यकम में कल्याण दास अग्रवाल पूर्व डिप्टी चीफ वार्डेन, भारत भूषण तिवारी डिवीजनल वार्डेन, राजेश कुमार मित्तल डिप्टी डिवीजनल वार्डेन, सचिन कुमार अग्रवाल घटना नियंत्रण अधिकारी, अशोक यादव पोस्ट वार्डेन, डॉ० महेश चन्द्र शर्मा पोस्ट वार्डेन एवं श्री गिरीश वार्ष्णेय पोस्ट वार्डेन सहित लगभग 80 वार्डेन पदाधिकारी एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन दीपक चतुर्वेदी बैकर स्टाफ आफिसर टू चीफ वार्डेन, नागरिक सुरक्षा मथुरा द्वारा किया गया। इस अवसर पर वैतनिक स्टाफ में जगदीश सिंह वरिष्ठ सहायक, आलोक व्यास कनिष्ठ सहायक, राकेश कुमार वाहन चालक, जबर सिंह एवं रिंकी यादव भी उपस्थित थे।

## बढ़ती शीतलहर से जनजीवन प्रभावित

**कांधला।** क्षेत्र में कड़ाके की ठंड ने दस्तक दे दी है। क्षेत्र में कई दिनों से लगातार चल रही शीतलहर के कारण तापमान में भारी गिरावट दर्ज की जा रही है। तेज ठंडी हवाओं ने लोगों को घरों में दुबकने पर मजबूर कर दिया है। मौसम में अचानक आई इस कड़ाके की ठंड का असर स्वास्थ्य पर साफ दिखाई देने लगा है। नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में मौसमी बीमारियों ने तेजी से पैर पसार लिए हैं, जिससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है।शनिवार को नगर सरकारी अस्पताल में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों की भारी भीड़ देखने को मिली। अस्पताल में अधिकांश मरीज बुखार, खांसी, जुकाम, गले में खराश, ठंड लगने व बदनदर्द जैसी शिकायतों लेकर पहुंचे। मरीजों की संख्या इतनी अधिक थी कि अस्पताल के चिकित्सकों को लगातार कई घंटों तक बिना रुके उपचार करना पड़ा। चिकित्सा प्रभारी वीरेंद्र सिंह का कहना है कि शीतलहर के दौरान संक्रमण तेजी से फैलता है, इसलिए सावधानी न बरतने पर बीमारी गंभीर रूप ले सकती है।

# भाजपा नेता के घर पहुंचकर सीएम ने पितृशोक पर दी सांत्वना



**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर।** भाजयुमो नेता आदर्श कठायत को पित्रशोक के बाद परिवारजनों को सांत्वना देने हेतु मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भाजयुमो नेता आदर्श कठायत के घर पहुंचे। वहां परिवारजनों और भाजयुमो नेता को उनके पिता के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनका हालचाल जाना।और शोक व्यक्त किया। साथ ही शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की।अचानक सीएम का काफिला भाजयुमो नेता के घर पहुंचने परआसपास के ग्रामीण भी भाजयुमो नेता के घर के पास पहुँचे।कुछ देर भाजयुमो नेता आदर्श कठायत के साथ वार्ता के बाद सीएम बागेश्वर में भाजपा कार्यालय की ओर रवाना हुए।

इस दौरान उनके साथ प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार, विधायक पार्वती दास व कपकोट विधायक सुरेश गढ़िया दर्जा मंत्री शिव सिंह बिष्ट, जिपं अध्यक्ष, शोभा आर्या, पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल, भाजपा जिला महामंत्रीसंजय परिहार आदि मौजूद थे।

# भाजपा कार्यालय में मुख्यमंत्री ने किया कार्यकर्ता संवाद

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर।** दो दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान जिला मुख्यालय पहुंचने पर मुख्यमंत्री का काफिला भाजपा कार्यालय पहुंचा, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया।स्वागत कार्यक्रम के बाद कार्यकताओं के साथ संवाद हुआ।जहाँ मुख्यमंत्री कार्यकर्ताओ से रूबरू हुए।भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष प्रभा गढ़िया के नेतृत्व में कार्यकताओं ने माल्यार्पण कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया।जिसके बाद उन्होंने कार्यकताओं की समस्याएं सुनी, और सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने और कार्यकताओं की समस्याओं को सुना।

कार्यक्रम में जिला कार्यकारिणी पदाधिकारियों और विभिन्न मंडलों से आए कार्यकताओं के सम्मेलन में सभा को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार चरणबद्ध होकर जनहित के लिए प्रतिबद्ध है।कार्यकर्ता अपने क्षेत्र के विकास की योजनाओं को जनप्रतिधियों और अधिकारियों के माध्यम से अपनी समस्याओं को शासन तक पहुँचाए।जनता के विकास में सभी कार्यकताओं की भावनाओं के अनुरूप विकास कार्य कराए जाएंगे।कहा कि डबल इंजन की सरकार में राज्य का चहुमुखी विकास हो रहा है। इस दौरानभाजपा कार्यालय में पालड़िछिना से क्षेपं सदस्य और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी फौजी फतेह सिंह करायत ने अधूरे बने सड़क को पूरा करने,सहित क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं और अल्मोड़ा मैग्नेसाइट फैक्ट्री को तत्काल खोलने और कर्मचारियों को बकाया वेतन का भुकतान करने की मांग का ज्ञापन सौंपा और मुख्यमंत्री को वृक्ष भैंट किया। भाजपा जिला महामंत्री संजय परिहार ने भी मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट किया।सभी कार्यकताओं की समस्याओं के लिए एक फाइल बनाकर मुख्यमंत्री को सौंपी गई। इस दौरान कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश महामंत्री एड कुंदन परिहार,पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल, विधायक सुरेश गढ़िया, विधायक पार्वती दास ललित लटवाल सहित सभी भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बागेश्वर दौरे में मुख्यमंत्री ने की विकास कार्यों की व्यापक समीक्षा

**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे सहित सभी विभागाध्यक्षों ने मुख्यमंत्री को जनपद में संचालित प्रमुख विकास योजनाओं, उपलब्धियों एवं प्रगति की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक प्राप्त ताइक्वांडो खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की।

उन्होंने कहा कि ऐसे खिलाड़ी प्रदेश का गौरव बढ़ाते हैं और युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि केंद्र व राज्य सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ पात्र व्यक्तियों तक समयबद्ध रूप से पहुँचना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी विभाग में लापरवाही या विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य एवं शिक्षा जैसी बुनियादी सेवाएँ निरंतर सुचारू रहें और जनसमस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि बागेश्वर में पर्यटन, प्राकृतिक संसाधन, सांस्कृतिक धरोहर और कृषि आधारित आर्थिक गतिविधियों के विकास की अपार संभावनाएँ हैं। उन्होंने साहसिक पर्यटन के नए स्थलों की पहचान करने और विंटर टूरिज्म को बढ़ावा देने हेतु विशेष कार्ययोजना बनाने को कहा। उन्होंने बताया कि जनपद में प्रमुख सड़कों के चौड़ीकरण और हेली सेवाओं के विस्तार पर तेजी से कार्य हो रहा है, जिससे पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।कृषि एवं उद्यान विभाग को लाल चावल, अदरक, हल्दी जैसी स्थानीय फसलों के लिए मजबूत बाजार उपलब्ध कराने, शहद उत्पादन को मिशन मोड में बढ़ाने तथा एप्पल-कीवी जैसी उच्च मूल्य वाली फसलों को आधुनिक तकनीक व मार्केट लिंक से जोड़ने के निर्देश दिए गए।समाज कल्याण विभाग को जागरूकता शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने को कहा गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब पेंशन राशि प्रत्येक माह की पांच तारीख को नियमित समय पर खातों में भेजी जा रही है।



## फोन पर बात नही कराने पर मारपीट तीन घायल हायर सेंटर रेफर

**कांधला।** कस्बे के कैराना बस स्टैंड पर चार शराबियों ने तीन युवकों को फोन पर बात नही कराने से क्षुब्ध होकर शराब की बोतलों से हमला कर मारपीट की। मारपीट में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मारपीट कर चारों आरोपी मौके से फरार हो गए। 112 पुलिस ने तीनों घायलों को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया।चिकित्सकों ने तीनों घायलों की हालत को गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। मामले में पीड़ितों के परिजनों ने अज्ञात युवकों के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। जनपद मुजफ्फरनगर के थाना फुगाना क्षेत्र के गांव डूंगर निवासी बबलू पुत्र संसार, संजीव पुत्र ओमकारा व मोनू पुत्र राममेहर शनिवार को अपने घर से हिमाचल प्रदेश जाने के लिए निकले थे। तीनों युवक कस्बे के कैराना बस स्टैंड पर पेशाब कर रहे थे।

# कांग्रेस ने इंडिगो संकट के लिए मोदी सरकार को जिम्मेदार ठहराया

**वेलकम इंडिया/एहसान अंसारी**



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा पिछले 11 वर्षों में विमानन क्षेत्र को प्रतिस्पर्धी बनाने की बजाय एकाधिकार और डुओपॉली (सिर्फ दो कंपनियों का एकाधिकार) में समेट देने से देश में उड़ान संकट पैदा हुआ है।

नई दिल्ली स्थित कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए तमिलनाडु से कांग्रेस सांसद शशिकांत सेंथिल ने कहा कि मोदी सरकार ने ह्यउड़ानह्ल योजना के माध्यम से हवाई यात्रा को आसान बनाने का वादा किया था, लेकिन असलियत में विमानन क्षेत्र को ठप कर दिया है। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ दिनों से देश में हवाई यात्रा पर विराम लग गया है।


मौजूदा संकट को भारतीय विमानन इतिहास का सबसे बुरा संकट बताते हुए उन्होंने कहा कि पांच दिसंबर को एक हजार से ज्यादा उड़ानें रद्द हुईं और छह दिसंबर को भी 600 से अधिक उड़ानें रद्द हो चुकी हैं। लोगों को घंटों एयरपोर्ट पर बिना भोजन-पानी के इंतजार करना पड़ रहा है। कई यात्री परीक्षाओं, जरूरी कार्यक्रमों और आपात स्थितियों में शामिल नहीं हो पा रहे हैं। उन्होंने इसे भाजपा सरकार की विफल नीतियों का परिणाम बताते हुए कहा कि यह सब रूस के राष्ट्रपति के भारत दौरे के दौरान हुआ। शशिकांत सेंथिल ने कहा कि जनवरी 2024 में फ़्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन नियम जारी कर दिए गए थे। डीजीसीए द्वारा जारी इन नियमों को लागू करने के लिए एयरलाइंस को पर्याप्त समय दिया गया था। उन्होंने कहा कि पायलटों की थकान कम करने और सुरक्षा बढ़ाने के लिए ये नियम अधिसूचित किए गए थे। इन्हें चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाना था, जिसकी अंतिम तिथि 1 नवंबर 2025 थी। उन्होंने पूछा कि डीजीसीए ने पिछले दो वर्षों में इनकी अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए क्या किया? उन्होंने कहा कि इस संकट के बाद अब इन महत्वपूर्ण सुरक्षा नियमों को शर्मनाक तरीके से वापस लेना गैर-ज़िम्मेदाराना और घोर आपत्तिजनक है। इन नियमों को हटाकर मोदी सरकार ने यात्री सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है।

कांग्रेस नेता ने इंडिगो एयरलाइन की एकाधिकार वाली स्थिति पर ध्यान दिलाते हुए कहा कि यह एयरलाइन बाजार के 60-65 प्रतिशत हिस्से पर कब्जा कर चुकी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बार-बार चेतावनी देती रही कि मोदी सरकार की एकाधिकार समर्थक नीति विनाशकारी है। यह स्थिति सिर्फ एयरलाइंस तक सीमित नहीं है; बुनियादी ढांचा क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण परिसंपत्तियां बार-बार एक ही पसंदीदा कॉर्पोरेट समूह को सौंपी जा रही हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि हवाईअड्डों के प्रबंधन में भी अदानी समूह को लगभग एकाधिकार दे दिया गया है। सेंथिल ने मोदी सरकार को घेरते हुए आगे कहा कि आज प्रतिस्पर्धा, पारदर्शिता और जनहित की बजाय राजनीतिक वफादारी व कॉर्पोरेट गठजोड़ को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने याद दिलाया कि इंटरग्लोब (इंडिगो की मूल कंपनी) की संस्थाओं ने करोड़ों रुपए के इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे थे, जबकि इंडिगो के प्रमोटर राहुल भाटिया ने 20 करोड़ रुपए के बॉन्ड अपनी व्यक्तिगत क्षमता में खरीदे थे।

## चामुंडा मंदिर परिसर में हुआ संकीर्तन व शनिदेव का भंडारा

**औरंगाबाद/बुलंदशहर ।** चामुंडा मंदिर परिसर में शनिवार को श्रृद्धालुओं ने भक्ति भाव से संकीर्तन किया। मंदिर में भंडारा किया गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ शनि दरबार में पंडित चंद्र प्रकाश शर्मा एवं जसवंत सैनी जवाहर सैनी ने पूजा अर्चना करने के साथ किया। महिलाओं ने मंगल गीत गायन कर भक्ति भाव का परिचय दिया। भक्ति गीतों का अजब समां बांधा और श्रृद्धालुओं ने देर तक भक्ति रस में डूबकर पुन्य लाभ अर्जित किया। तत्पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम बाबा शनिदेव को भोग लगाया गया। भोग के उपरांत कन्या पूजन कर भोजन कराया गया। सैंकड़ों लोगों ने पंक्तिबद्व बैठकर बाबा का प्रसाद हलवा सब्जी पूरी ग्रहण किया। मंदिर कमेटी अध्यक्ष जसवंत सैनी, कोषाध्यक्ष जवाहर लाल सैनी, राजू मैडिकल वाले पवन थोर चंद्र प्रकाश शर्मा कर्मवीर भड़ाना रजनीश एडवोकेट अर्जुन सर्राफ अजय मनीष अरुण मूलचंद आदि ने व्यवस्था संभाली।

# राजकीय हाईस्कूल में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**संदीप तिवारी वेलकम इंडिया**

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** आराजी लाइन ब्लॉक के प्रतापपुर गांव स्थित राजकीय हाईस्कूल में शनिवार को वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान बृजेश यादव राजकीय हाईस्कूल भतसार की प्रधानाध्यापिकाजया कुमारी एवं राजकीय हाईस्कूल धरौहरा की प्रधानाध्यापिका लक्ष्मी पाण्डेय तथा विशिष्ट अतिथि कंपोजिट विद्यालय प्रतापपुर के प्रधानाध्यापक रामबली कनौजिया उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के माल्यार्पण से एवं दीप प्रज्वलन से हुआ।

बच्चों ने नारी सशक्तिकरण पर एक नाटक तथा अन्य रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। बच्चों को विभिन्न क्षेत्रों में उनके अच्छे प्रदर्शन के लिए पुरस्कार वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिका कीर्ति दीक्षित ने किया। अंत में प्रधानाध्यापिका रश्मि सारस्वत द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिका सुजला पांडेय, बबीता दुबे, प्रियंका, कोमल गौड़, शिक्षक अनुराग सिंह उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### बाबासाहब अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया



**झांसी।** बाबा साहब अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर माल्यार्पण किया गया तथा संगोष्ठी का आयोजन किया गया संगोष्ठी उपस्थिति समिति के समस्त सदस्यों एवं आए अतिथियो द्वारा बाबा साहब के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डाला तथा प्रण लिया कि देश में बाबा साहब अंबेडकर की प्रचार प्रसार कर देश में चल रही जाति एवं वर्ग में विभाजित करने वाली विचारधारा करने को समाप्त किया जाए इस मौके पर ओम प्रकाश तथा बृजलाल वर्मा भगत प्रसाद जमुना प्रसाद दयाराम वर्मा सुधीर कुमार आर्य रमेश लहरिया बालक राम रिंकू गौतम धर्मपाल आदि उपस्थित रहे।

### नेपाल से लौटने पर वृंदावन की कथा वाचिका का हुआ अभिनंदन



**मथुरा/वृंदावन।** प्रसिद्ध कथा वाचिका मोहिनी कृष्ण दासी ने सीता जी के जन्म स्थान जनकपुर के जुगल जोड़ी बिहार कुंठ मंदिर परिसर में राम-सीता विवाहोत्सव के उपलक्ष्य में श्रीराम कथा का अत्यंत भावपूर्ण वाचन किया। हजारों भक्तों ने शामिल होकर रामझसीता लीला का दिव्य रस ग्रहण किया। कथा वाचन कर वृंदावन लौटने पर मोहिनी कृष्ण दासी का गीता शोध संस्थान वृंदावन के सभागार में अभिनंदन किया गया। जनकपुर स्थित जुगल जोड़ी बिहार कुंठ में आयोजित यह वार्षिक महोत्सव जनकराज की पुत्री सीता जी के पाणिग्रहण संस्कार की स्मृति में संपन्न हुआ। पूरे आयोजन में वृंदावन के गोपझगोपी सेवा संस्थान के अध्यक्ष शिवम जी लगातार उनके साथ रहे। कथा एवं उत्सव के दौरान अनेक संतों, महंतों, साध्वियों और भक्तों की उपस्थिति से वातावरण भक्ति से सराबोर रहा। सभी अनुष्ठान महंत कामेश्वर शरण जी के सान्निध्य में पूरे हुए।

### मारपीट कर पति-पत्नी को किया घायल, पड़ी तहरीर

**मिजार्मुराद।** क्षेत्र के बिरबलपुर गांव (मिजार्मुराद) में शनिवार की दोपहर में शराब के नशे में पहुंचे गौरव दूबे व मनोज दूबे गांव के ही विनोद दूबे व उनकी पत्नी रानी दूबे को भद्दी-भद्दी गाली-गलौज दे रहे थे जब इन लोगों ने गाली-गलौज देने से मना किया तो आरोप है कि लाठी-डंडा लेकर बुरी तरह मारपीट पति-पत्नी को घायल कर दिया वही विनोद का सिर फट गया।घायल पीड़ित विनोद मिजार्मुराद थाने पहुंच गौरव व मनोज के खिलाफ मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का तहरीर दिया।मिजार्मुराद पुलिस तहरीर लेकर घायलों को दवा इलाज हेतु भेज दी।मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि तहरीर मिली है जांच-पड़ताल किया जा रहा है।

### शादी का झांसा देकर युवती के साथ रेप का मामला आया सामने

**वेलकम इंडिया/उज्जवल रस्तौगी**

**मेरठ ।** थाना इंचौली में 6 साल तक अप को शादी का झांसा देकर रेप का मामला सामने आया है फिर दर्ज होने के बाद भी थाना पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं कि अब युक्ति मेरठ एसएसपी के पास न्याय की गुहार लगाने पहुंची है 6 साल रिलेशन से रहकर भी युवती से शादी नहीं की और युवक रेप करता रहा युवती का कहना है कि आरोपी ने उसके साथ सबसे पहले कोल्डिंक में नशीली चीज डालकर मेरे साथ रेप किया था, कार्यवाही से बचने के लिए आरोपी ने युवती से शादी करने की बात कही लेकिन 6 साल रिलेशन में रहकर शादी नहीं की युवती ने थाना पुलिस पर भी कार्यवाही ना करने के आरोप लगाए है , वही 9 दिसंबर को युवक किसी दूसरी युक्ति से शादी कर रहा है मुकदमा दर्ज होने के बाद भी पुलिस आरोपी पर मेहरबान है इसी महीने आरोपी किसी दूसरी लड़की से शादी करने वाला है अधिकारियों के चक्कर लगाकर थक चुकी है दुष्कर्म पीड़िता,लेकिन नहीं हुई कोई भी कार्यवाही, अब युवती एसएसपी से न्याय के लिए भटक रही है इंचोली थाना क्षेत्र की है पूरी घटना

# एमएलसी ने बूथों का निरीक्षण कर मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का लिए जानकारी



**संदीप तिवारी वेलकम इंडिया**

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** सेवापुरी ब्लॉक के अमिनी गांव में पंचायत भवन पर बने बूथों का निरीक्षण शनिवार की दोपहर में भाजपा एमएलसी धर्मेन्द्र राय ने किया।इस दौरान उन्होंने मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की जानकारी बीएलओ व मौजूद अधिकारियों से लिये।

उन्होंने मौजूद अधिकारियों व बीएलओ से कार्य में तेजी लाने का निर्देश देते हुए बोले कि पार्टी कार्यकताओं का भी सहयोग लेकर जल्द एसआईआर फार्म भरवाए।वही गांव में भ्रमण कर मतदाताओं से बात कर फार्म मिलने और बीएलओ के कार्य के बारे में जानकारी ली।उन्होंने ग्रामीणों व महिलाओं से कहां की अगर एसआईआर फार्म जो लोग नही भरे है आप लोग सहयोग करवाकर बीएलओ से मिलकर जल्द भरवा दे अन्यथा मतदाता सूची से फार्म न भरने पर नाम कट सकता है।इसलिए समय से हर पात्र व्यक्ति को बोलकर फार्म जरूर भरवा दे।बीएलओ सहित मौजूद पार्टी के लोगों से उन्होंने कहां की शत-प्रतिशत लोगों से मिलकर फार्म भरवाया जाए।मतदाता सूची में नाम दर्ज कराना हर नागरिक की जिम्मेदारी है।इस लिए समय रहते फार्म भरें और दूसरों को प्रेरित करें।

इस दौरान एमएलसी प्रतिनिधि संदीप सिंह 'मिन्टू', डॉ. वंशराज पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव सिंह गौतम, जिला महामंत्री प्रवीण सिंह गौतम, जिलाउपाध्यक्ष अरविंद पटेल, संजय मिश्रा, अभिषेक त्रिपाठी 'सुमित', जिला पंचायत सदस्य अमन सिंह, राकेश पटेल, प्रधान अनिल सोनकर, गोलू समेत अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे।

# हापुड़ तहसील में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न



**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

**हापुड़।** जनपद की हापुड़ तहसील में जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय व पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह की अध्यक्षता में आज संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।इस दौरान तहसील दिवस में कुल 33 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 5 का मौके पर जिलाधिकारी द्वारा निस्तारण कराया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में घरेलू हिंसा, जमीनी विवाद जैसी समस्याएं आई।जिस पर जिला अधिकारी संपूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित जनपदीय सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि माननीय मुख्यमंत्री जी के निदेर्शानुसार एवं मंशानुरूप तहसील दिवस में प्राप्त शिकायत का समाधान पूर्ण गुणवत्ता से किया जाना चाहिए एवं सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी को मिलना चाहिए। जिलाधिकारी ने तहसील दिवस में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की जो भी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं उनका निस्तारण समय सीमा के अंदर करना सुनिश्चित करें।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी गढ़मुक्तेश्वर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, तहसीलदार गढ़मुक्तेश्वर, पुलिस क्षेत्र अधिकारी सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। वही धौलाना तहसील की अध्यक्षता करते हुए अपर जिलाधिकारी ने 36 शिकायतो में से 05 का मौके पर निस्तारण कराया गया तथा गढ़मुक्तेश्वर तहसील में 18 शिकायत है प्राप्त हुई जिसकी अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा की गई।

## खेत में गिरी हाईटेंशन लाइन, सात बीघा फसल जल कर हुई खाक

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव अड्डा में एक विधवा महिला की मेहनत पर उस समय पानी फिर गया, जब खेत के ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन की विद्युत लाइन का तार टूटकर नीचे गिर पड़ा। तार गिरते ही खेत में आग लग गई, जिससे सात बीघा में खड़ी गन्ने की फसल धू-धू कर जल गई। विकासखंड क्षेत्र गांव अड्डा निवासी विधवा कैलाशो पत्नी कटार सिंह का खेत गांव के बाहरी छोर पर स्थित है। अचानक टूटी लाइन खेत में गिरते ही आग तेजी से फैल गई और किसान की पूरी फसल कुछ ही देर में नष्ट हो गई। घटना से पीड़िता का बड़ा आर्थिक नुकसान हो गया है।विधवा महिला किसान ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर बिजली विभाग की लापरवाही बताते हुए उचित मुआवजे की मांग की है, ताकि उसकी आजीविका को सहारा मिल सके। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से पीड़ित महिला को तत्काल मदद देने की मांग की है।दो दिन पुर्व गाव भभीसा निवासी तीन किसने की 14 बीघा फसल जल का राख हो गई थी।

# मेरठ विकास प्राधिकरण, एआई लाला का बाजार में अवैध कॉम्प्लेक्स का निर्माण जारी, नोटिस के बावजूद पीछे के दरवाजे से काम तेज

**वेलकम इंडिया/उज्जवल रस्तौगी**



**मेरठ।** एआई लाला का बाजार क्षेत्र में अवैध रूप से तैयार किए जा रहे एक बड़े कॉम्प्लेक्स को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। स्थानीय लोगों की शिकायत पर मेरठ विकास प्राधिकरण (मेडा) ने कुछ दिन पहले मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य रुकवाया था और भवन मालिक को नोटिस भी चिपका दिया था। बावजूद इसके, अवैध निर्माण पर अंकुश नहीं लग सका है।

सूत्रों के अनुसार, मेडा द्वारा नोटिस लगाए जाने के बाद मुख्य प्रवेश द्वार से काम रोक तो दिया गया, लेकिन बिल्डर द्वारा पीछे वाले गेट से चोरी-छिपे निर्माण कार्य जारी रखा गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दिन रात मजदूरों को बुलाकर तेजी से प्लिंथ और स्ट्रक्चर का काम कराया जा रहा है। मामले में मेडा अधिकारियों पर भी उंगली उठाई जा रही है। आरोप है कि कोमल वर्मा द्वारा बनाए जा रहे इस अवैध कॉम्प्लेक्स में अधिकारियों की साठगांठ है, तभी नोटिस चिपकाए जाने के बाद भी कार्रवाई ठंडे बस्ते में डाल दी गई। इलाके के निवासियों ने कहा कि कई बार शिकायतों के बावजूद मेडा की टीम मौके पर नहीं पहुंच रही, जिससे अवैध निर्माण को बल मिल रहा है।

क्षेत्रवासियों ने मेडा से मांग की है कि निर्माण स्थल की नियमित निगरानी की जाए और अवैध निर्माण को तुरंत रोका जाए। साथ ही, संबंधित अधिकारियों की भूमिका की जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि क्षेत्र में नियमों के तहत ही निर्माण हो सके।

फिलहाल पूरा मामला मेडा के पास लंबित है। देखना यह होगा कि प्राधिकरण इस अवैध कॉम्प्लेक्स पर सख्त कदम उठाता है या फिर मामला पहले की तरह कागजों में ही उलझा रह जाता है।

# कृषि सखियों को दिया गया प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण



**संदीप तिवारी वेलकम इंडिया**

**मिजार्मुराद कछवांरोड ।** प्राकृतिक खेती मिशन योजनान्तर्गत कृषि विज्ञान केंद्र कल्लीपुर में बीते 2 दिसम्बर से चल रहा कृषि सखियों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शनिवार को सम्पन्न हो गया।

जनपद के उप कृषि निदेशक अमित जायसवाल के निर्देशन में आयोजित प्रशिक्षण में जनपद के 10 प्राकृतिक क्लस्टर के सभी 20 कृषि सखियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।प्रथम दिवस में कृषि सखियों की उपयोगिता और प्राकृतिक खेती में उनके योगदान के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। द्वितीय दिवस में प्राकृतिक खेती के सिद्धांत, प्राकृतिक खेती के उद्देश्य, प्राकृतिक खेती, तृतीय दिवस में खरीफ, रबी और जायद की फसलों की जानकारी मृदा स्वास्थ्य, चतुर्थ दिवस में बीज प्रबंधन, प्राकृतिक इनपुट्स जैसे जीवामृत, बीजामृत हरि खाद एवं पांचवें दिन फसल सुरक्षा के उपाय पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी।

कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. एन के सिंह, डा.राहुल सिंह सहित अन्य कृषि वैज्ञानिकों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

# मेरठ पुलिस का अमानवीय चेहरा आया सामने

**वेलकम इंडिया/उज्जवल रस्तौगी**

**मेरठ।** पुलिस का मानवीय चेहरा देखने को मिला है जब पुलिसकर्मी देर रात मृत्यु का सब एक दुकान के बाहर फेंकते नजर आए पुलिस कमीयों की यह हरकत सीसीटीवी में कैद हो गई पुलिस कर्मी ई-रिक्शा में शव रख कर एल ब्लॉक चौराहे पर पहुंचे थे

सीसीटीवी फुटेज में बाइक पर सवार दो पुलिसकर्मी साफ दिखाई दे रहे हैं जिसमें एक यूपी पुलिस का सिपाही राजेश और दूसरा होमगार्ड रोहतास नामक व्यक्ति है पुलिस के द्वारा शव को अपने क्षेत्र से उठा कर दूसरे इलाके में फेंकने का बताया जा रहा है विडियो

सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने सबको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जांच करने पर जब हकीकत सामने आई तो एसएसपी विपिन टाडा ने कार्रवाई करते हुए दोनों पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया है और पूरे मामले की जांच एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह को सौंप है उन्होंने कहा कि अगर जांच में कोई और व्यक्ति भी दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ भी सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

सीसीटीवी का यह वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जो पुलिस का अमानवीय चेहरा उजागर करता है मेरठ के थाना मेडिकल क्षेत्र का है मामला

# पंचकल्याणक महामहोत्सव में द्वितीय दिवस मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कपिल देव अग्रवाल

**वेलकम इंडिया/उज्जवल रस्तौगी**



**मेरठ।** पंचकल्याणक महामहोत्सव के द्वितीय दिवस महाराज नाभीराय व सोधर्म इंद्र के द्वारा मंच पर पानडुकशिला में श्री जी को विराजमान कर अभिषेक की क्रियाओं के साथ के कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमान कपिल देव अग्रवाल (राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार) का आगमन हुआ उनका साधु सेवा समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र जैन (पुष्प ज्वेलर्स) द्वारा स्वागत सम्मान किया गया उन्होंने उपाध्याय श्री 108 वृषभानंद महाराज का पद प्रक्षालन बड़े ही भक्ति भाव से किया और कहा कि देश के विकास में जैन लोगों का महत्वपूर्ण योगदान है यह लोग कभी किसी से कुछ नहीं मांगते कपिल देव जी ने कहा कि अगर मै जैन समाज के किसी काम आ सकूं तो मुझे बड़ी खुशी होगी साथ ही नवकार मंत्र भी सुनाया उनके साथ श्री विशाल गर्ग जी (भाजपा नेता मुजफ्फरनगर) उपस्थित रहे थे महाराज श्री ने कपिल देव अग्रवाल जी को बहुत-बहुत आशीर्वाद के साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

मुख्य प्रतिष्ठाचार्य जयकुमार निशांत वह नमन भैया का स्वागत सम्मान किया गया प्रतिष्ठाचार्य ने आज की सभी धार्मिक क्रियाएं संपन्न कराई कार्यक्रम में ऋतुराज जैन अध्यक्ष सहित प्रबंधकारणी कमेटी ने भी सहभाग किया।

कार्यक्रम चेयरमैन वीरेंद् मंदिर पुणयार्जक परिवार प्रदीप जैन दीपक जैन ऋषभ जैन अजय जैन आलोक जैन विपिन जैन संजय जैन कलश अभिनव जैन संजीव जैन प्रवक्ता प्रदीप जैन मुकेश जैन नवीन जैन आदि उपस्थित रहे। शाम को पाठशाला कमला नगर के बच्चों द्वारा सुंदर कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मंगल आरती व शास्त्र सभा के साथ इंद्र दरबार, तत्वचर्चा, कुबेर इंद्र द्वारा रत्न वृष्टि, माता मरुदेवी के 16 स्वप्न दर्शन, गीत नृत्य में गर्भकल्याण की क्रियाएं संपन्न हुई।

# जनपद में सशस्त्र सेना झंडा दिवस का हुआ आयोजन

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास, संत कबीर नगर द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में 'सशस्त्र सेना झंडा दिवस' का गरिमामयी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11:00 बजे जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, कर्नल राम प्रकाश मिश्र (अ0प्रा0) और पूर्व सैनिकों द्वारा जिलाधिकारी आलोक कुमार एवं पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना को प्रतीक झंडा लगाकर किया गया।

जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर 'स्मारिका 2025' का विमोचन किया गया।

कर्नल राम प्रकाश मिश्र ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह दिवस 1949 से 7 दिसंबर को उन वीरों के सम्मान में मनाया जाता है, जिन्होंने देश की अखंडता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। उन्होंने बताया कि सेना को युवा बनाए रखने के लिए हमारे सैनिकों को 35 से 40 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त होना



पड़ता है, ऐसे में उनके और उनके आश्रितों के पुनर्वास की जिम्मेदारी हम सभी नागरिकों की है।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), कोषाधिकारी तथा जनपद के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी प्रतीक झंडा लगाया गया। संत कबीर नगर की शौर्य गाथा को दोहराते हुए कर्नल मिश्र ने जिले के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संत कबीर नगर के वीरों के पास एक वीर चक्र (मरणोपरांत), एक वायु सेना मेडल, तीन सेना मेडल और एक मेंशन-इन-डिसपैच जैसे सम्मान हैं। 1971 के युद्ध में डेरा बाबा नानक की लड़ाई में अदम्य साहस दिखाते हुए वीरगति को प्राप्त हुए सिपाही सत्यवान सिंह की वीरता और जिले में मौजूद 4 द्वितीय विश्व युद्ध की विधवाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने सभी की आँखें नम कर दीं।

सैनिक कल्याण की दिशा में नई पहल के संबंध में प्रेस को जानकारी देते हुए बताया गया कि मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में पूर्व सैनिकों के लिए 3.5 करोड़ रुपये की लागत से एक नया सैनिक कल्याण भवन लगभग तैयार है, जो सभी सुविधाएं एक छत के नीचे प्रदान करेगा। साथ ही, जिलाधिकारी आलोक कुमार के नेतृत्व में मासिक 'सैनिक बंधु' बैठकों के माध्यम से पूर्व सैनिकों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है।

जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने आम जनमानस से अपील की कि वे शहीदों के परिवारों और दिव्यांग सैनिकों की मदद हेतु 'सशस्त्र सेना झंडा फण्ड' में उदारतापूर्वक योगदान दें। सहायता हेतु मो० नं० 7839553268 या ईमेल ९२२ह्य-४स्र@ल्ह्र.ल्ल पर संपर्क किया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की पंक्तियों– ₹जो भरा नहीं है भावों से, बहती जिसमें रसधार नहीं। वह हृदय नहीं है पत्थर है, जिसमें स्वदेश का प्यार नहीं₹ –के साथ सैनिकों को नमन किया गया। इस अवसर पर भूतपूर्व सैनिक चन्द्रभान भारती, मुक्तिनाथ चौधरी, रमाकान्त, अभिषेक कुमार, राम जनम यादव एवं इष्टदेव यादव सहित गणमान्य नागरिक आदि उपस्थित रहे।

## पड़रिया आमी नदी में उतराता मिला शव

**मेंहदावल।** मेंहदावल तहसील क्षेत्र के बेलहर थाना अंतर्गत बीएमसीटी रोड पर पड़रिया पुल के नीचे एक अज्ञात युवक का शव नदी में उतराता हुआ मिला है ।इसकी सूचना मिलने के बाद बेलहर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकाला लेकिन अभी तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। शनिवार की दोपहर पड़रिया पुल के नीचे ग्रामीणों ने एक अज्ञात शव उतराता हुआ देखा जिसकी सूचना बेलहर पुलिस को दी शव की सूचना मिलने के बाद बेलहर पुलिस मौके पर पहुंच गई तथा शव को पानी से बाहर निकलवाया ।शव की पहचान नहीं हो पा रही है ।मृतक की उम्र लगभग 35 वर्ष है ।शरीर पर कोई कपड़ा नहीं मात्र एक अंडरवियर है और नाक के पास खून सूखा हुआ है ।अन्य कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है ।शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त करवाने का प्रयास चल रहा है ।एसओ अनिल कुमार ने बताया कि शव की पहचान अभी नहीं हो पाई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# बाबा साहेब की पुण्यतिथि पर प्रदेश सचिव रेहान खान ने दी श्रद्धांजलि



वेलकम इंडिया/मोहम्मद असलम

**लखीमपुर खीरी।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर आज संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव रेहान खान, जिलाध्यक्ष रामपाल यादव, पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, युवजन सभा, छात्रसभा, महिला सभा के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसके बाद नेताओं ने डॉ. आंबेडकर के जीवन दर्शन, उनके संघर्ष और भारत के सामाजिक एवं राजनीतिक ढांचे को मजबूत बनाने में उनके अमूल्य योगदान पर चर्चा की। प्रदेश सचिव रेहान खान ने कहा कि ह्लडॉ. भीमराव आंबेडकर केवल एक व्यक्तित्व नहीं थे, बल्कि एक क्रांति थे जिन्होंने समानता, न्याय और मानवाधिकारों को भारत की संरचना में स्थायी रूप से स्थापित किया ।ह्व उन्होंने यह भी कहा कि बाबा साहेब के विचार आज भी सामाजिक परिवर्तन की सबसे बड़ी प्रेरणा हैं और समाजवादी पार्टी उनके रास्ते पर चलकर लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। जिलाध्यक्ष रामपाल यादव ने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने अपने अथक संघर्ष से दलितों, वंचितों और शोषित वर्गों को नई पहचान और अधिकार दिलाए। उनके विचारों को व्यवहार में लाना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकताओं ने बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने, समाज में सौहार्द बनाए रखने और संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं भावनात्मक वातावरण में संपन्न हुआ।

## सौहार्द बिगाड़ने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई:उदय प्रताप सिंह



**एरच(झाँसी)।** थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता करते हुए थानाध्यक्ष डॉ. उदय प्रताप सिंह ने कहा कि सभी लोग आपसी भाईचारा के साथ रहें। शांति व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करने वालों को चिह्नित कर कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा किसी तरह की संदिग्ध गतिविधियां पाए जाने पर सूचना दी जाए ।पुलिस मदद के लिए हमेशा तत्पर है। इस अवसर पर एसआई राकेश सिंह, भाजपा नेता सुनीलदत्त गोस्वामी, पूर्व प्रधानाचार्य परशुराम यादव, महेश यादव, अशोक राजपूत प्रधान, डॉ. रघुराज सिंह राजावत, भागीरथ कुशवाहा, शफीक कादरी, राजू रत्नाकर, बब्लू कुरैशी, अमित कुमार बुधौलिया, अशोक दुबे आदि मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर सुनी जनता की समस्याएं



**संतकबीरनगर।** शनिवार को जिलाधिकारी आलोक कुमार व पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर संयुक्त रुप से तहसील धनघटा पर पहुंचकर पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया। जहां पर फरियादियों से उनकी समस्याओं को मौके पर सुना तथा वहां मौजूद सम्बन्धित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए, राजस्व और पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाये, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी ।तत्पश्चात वहां मौजूद शिकायत पंजिका का निरीक्षण करते हुए निस्तारित हो चुकी शिकायतों के संबंध मे फीडबैक भी लिया गया। इस अवसर पर राजस्व व पुलिस के अन्य अधिकारी / कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

## गली में खेल रही मासूम पर कुत्ते ने हमला कर किया घायल

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली में गली में खेल रही दो वर्षीय मासूम बच्ची पर एक आवारा कुत्ते ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बच्ची की चीख पुकार सुनकर परिजनों ने आवारा कुत्ते को भगाया और घायल बच्ची को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर किया है। शनिवार को थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी रुपिन की 2 वर्षीय मासूम बच्ची निकुंज घर के बाहर मंदिर के समीप गली में खेल रही थी। गली में खेल रही मासूम बच्ची पर एक आवारा कुत्ते ने जान लेवा हमला बोल दिया और काट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। कुत्ते के द्वारा हमले में घायल मासूम बच्ची की चीख-पुकार सुनकर आसपास के पड़ोसी वह परिजन डंडा लेकर दौड़े और आवारा कुत्ते को भगाया। परिजनों ने मासूम बच्ची को घायल अवस्था में उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर एंटी रेबीज की वैक्सीन लगाने के बाद गंभीर अवस्था में बच्ची को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। सरकारी डॉक्टर वीरेंद्र सिंह का कहना है कि कुत्ते के हमले से घायल एक मासूम बच्ची को लेकर परिजन अस्पताल पहुंचे थे जहां पर एंटी रेबीज वैक्सीन लगाकर आवश्यक उपचार कर उसे जिला अस्पताल भेजा गया है।

## छत पर खेलते समय बालक का पैर फिसला, गिरकर घायल

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला रामनगर में छत पर खेल रहा एक दस वर्षीय बालक का पैर फिसलने से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में हायर सेंटर के लिए रेफर किया है। शनिवार को कस्बे के मोहल्ला रामनगर निवासी अनुज का दस वर्षीय पुत्र ऋषभ अपने मकान की छत पर खेल रहा था। छत पर खेलते समय बालक का अचानक से पैर फिसल गया और वह जमीन पर जा गिरा।

# बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर का मनाया गया महापरिनिर्वाण दिवस

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** सेमरियावा ब्लाक परिसर में स्थित शहीद स्मारक में बाबा साहेब डा0 भीमराव अम्बेडकर जी का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया।



ब्लॉक प्रांगण सेमरियावां में गिरानी लाल की अध्यक्षता में बाबा साहेब डा0 भीमराव अम्बेडकर जी का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया।

वरिष्ठ समाजसेवी आर. के. बाबू ने कहा कि अम्बेडकर विपुल प्रतिभा के छात्र थे। उन्होंने कोलंबिया विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स दोनों ही विश्वविद्यालयों से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधियाँ प्राप्त कीं तथा विधि, अर्थशास्त्र और राजनीति विज्ञान में शोध कार्य भी किये थे। व्यावसायिक जीवन के आरम्भिक भाग में वे अर्थशास्त्र के प्रोफेसर रहे एवं वकालत भी की तथा बाद का जीवन राजनीतिक गतिविधियों में अधिक बीता। इसके बाद आम्बेडकर भारत की स्वतंत्रता के लिए प्रचार और चचाओं में शामिल हो गए और पत्रिकाओं को प्रकाशित की। उन्होंने दलितों के लिए राजनीतिक अधिकारों की तथा सामाजिक स्वतंत्रता की वकालत की और भारत के निर्माण में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा।

समाज सेवी मोहम्मद सफीक ने कहा कि आम्बेडकर ने कहा था ₹छुआछूत गुलामी से भी बदतर है। अम्बेडकर बड़ौदा के रियासत राज्य द्वारा शिक्षित थे, अतः उनकी सेवा करने के लिए बाध्य थे। उन्हें महाराजा गायकवाड़ का सैन्य सचिव नियुक्त किया गया, लेकिन जातिगत भेदभाव के कारण कुछ ही समय में उन्हें यह नौकरी छोड़नी पडी। उन्होंने इस घटना को अपनी आत्मकथा, वेटिंग फॉर अ वीजा में वर्णित किया। इसके बाद, उन्होंने अपने बढ़ते परिवार के लिए जीविका साधन खोजने के पुनः प्रयास किये, जिसके लिये उन्होंने लेखाकार के रूप में, व एक निजी शिक्षक के रूप में भी काम किया, और एक निवेश परामर्श व्यवसाय की स्थापना की, किन्तु ये सभी प्रयास तब विफल हो गये जब उनके ग्राहकों ने जाना कि ये अछूत हैं। इस अवसर पर बदलू प्रसाद, मास्टर राम अचल, राम शब्द, राम जनक, राजेन्द्र प्रसाद, गोविन्द कुमार, रवि प्रकाश, शैलेन्द्र कुमार, सुधीर कुमार, पलटू राम, अवधेश कुमार, रमेश चंद्र गौतम, डॉ. कैलाश, लालसा प्रसाद, आलोक कुमार, संघप्रिय गौतम, चंपल कुमार, उमेश कुमार, राम जनक आदि मौजूद रहे।

# डॉ. भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर गोष्ठी



वेलकम इंडिया

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** खंड विकास क्षेत्र के गांव डांगरौल में भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर के 70वें महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

ग्रामीणों में प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर बाबा साहब को भावभीनी श्रद्धांजलि दी ।गोष्ठी को संबोधित करते हुए रालोद नेता राजन जावला ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर के विचार, सिद्धांत और उनकी दूरदृष्टि भारतीय लोकतंत्र की आधारशिला हैं।

उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने समाज में व्याप्त विषमता, अन्याय और भेदभाव के विरुद्ध संघर्ष करते हुए समानता, स्वतंत्रता और बंधुता पर आधारित समाज का सपना देखा था, जो आज भी हम सबके लिए पथ-प्रदर्शक है ।इस अवसर पर मोंटी, जितेन्द्र, डोली, अमित, मोनू, धरमबीर, सहेनदर, कार्तिक सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

# तहसील इकाई के गठन के साथ होगा परिचय पत्र का वितरण : अतहरूल बारी

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन खलीलाबाद तहसील इकाई का गठन एवं नवनिर्वाचित पत्रकारों को परिचय पत्र वितरण का आयोजन आगामी 14 दिसंबर को खलीलाबाद ब्लॉक सभागार में प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने के लिए तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं। इस अवसर पर वर्तमान परिवेश में पत्रकारों की चुनौतियों, दायित्वों और उनकी सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर केंद्रित एक विशेष गोष्ठी भी आयोजित की जाएगी, जिसमें क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार व सामाजिक कार्यकर्ता अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सौरभ त्रिपाठी करेंगे। साथ ही तहसील इकाई के



पदाधिकारियों का चयन भी किया जाएगा। एसोसिएशन का उद्देश्य तहसील स्तर पर सक्रिय पत्रकारों को संगठित करना, उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में प्रभावी पहल करना तथा पत्रकारिता को सशक्त और सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है।

इस अवसर पर तहसील क्षेत्र के सभी पत्रकार साथियों को आमंत्रित किया गया है। निवर्तमान तहसील अध्यक्ष अतहरूल बारी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सभी पदाधिकारियों व सदस्यों से समय से उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि संगठन तभी मजबूत बनता है जब उसके सदस्य एकजुट होकर कार्य करें। नए सत्र में एसोसिएशन पत्रकारों की व्यावसायिक समस्याओं, मान्यता संबंधी मुद्दों व क्षेत्रीय विकास कार्यों में मीडिया की भागीदारी को और सशक्त बनाने के लिए ठोस कदम उठाएगी।

खलीलाबाद ब्लॉक सभागार में होने वाला यह कार्यक्रम न सिर्फ संगठनात्मक मजबूती का अवसर होगा, बल्कि पत्रकारों को अपने अधिकारों, कर्तव्यों और वर्तमान समय की चुनौतियों पर गंभीर मंथन का महत्वपूर्ण मंच भी प्रदान करेगा। सभी सदस्यों से अपेक्षा है कि वे कार्यक्रम में उपस्थित होकर इसे सफल बनाने में सहयोग दें।

# बीपीएन जूनियर हाई स्कूल की एथलेटिक मीट में कलम हाउस चैंपियन

वेलकम इंडिया

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** नगर के बीपीएन जूनियर हाई स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक एथलेटिक मीट का शनिवार को उत्साहपूर्ण माहौल में सफल समापन हुआ। प्रतियोगिता में कलाम हाउस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक पदक अपने नाम किए और 2025 की चैंपियनशिप ट्रॉफी जीतकर प्रथम स्थान हासिल किया। पुट द बॉल बास्केट में अजीत, बैलून रेस में सनाया, डाक रेस में ओवैस, 150 मीटर रेस में अक्षय, बैक रेस में उमेश, 300 मीटर रेस में अरमान, 500 मीटर में अंश और 50 मीटर रेस में अब्दुल समद ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं बैलून गेम्स में अर्श ने प्रथम स्थान हासिल किया। लॉन्ग जंप में लड़कों में सेजन और लड़कियों में प्रिया ने स्वर्ण पदक जीता। हाई जंप में



लड़कियों में अक्षय तथा लड़कों में समीर स्वर्ण पदक विजेता रहे। प्रतियोगिता के दौरान छात्रों ने खेल भावना, अनुशासन और उत्साह का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया ।विद्यालय की अध्यक्ष अलका चौहान व डॉ. जनेश्वर चौहान ने सभी विजेता छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि बच्चों द्वारा किया गया प्रदर्शन बेहद सराहनीय है। उन्होंने उन छात्रों को भी प्रोत्साहित किया जो इस बार पदक नहीं जीत पाए कि वह अभ्यास जारी रखकर अगली बार बेहतर प्रदर्शन करें। स्कूल प्रबंधक श्वेता चौहान ने शिक्षकों और छात्रों की मेहनत की प्रशंसा करते हुए उन्हें भविष्य की प्रतियोगिताओं में सफलता के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य शर्मा प्रवीण ने सभी बच्चों को खेलों के साथ-साथ शिक्षा में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि खेल छात्र जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जो आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास में सहायक होते हैं। इस दौरान सभी विजेता छात्रछात्राओं को सम्मानित किया गया।

# गामा - डीके स्पोर्टिंग मानपुर की टीम बनी सीपीएल-6 की चैंपियन

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** संतकबीरनगर के दक्षिणांचल में स्थित छितही के मैदान में चल रही सीपीएल 6 के फाइनल में शनिवार को गामा डीके स्पोर्टिंग मानपुर की टीम ने मुन्ना इलेवन को हराकर प्रतियोगिता का चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि सूर्या ग्रुप के चेयरमैन डा उदय प्रताप चतुर्वेदी और विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव ने विजेता और उप विजेता टीम को ट्रॉफी और नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। समापन समारोह में पहुंचे दोनो अतिथियों का आयोजक मंडल ने फूल मालाओं से ऐतिहासिक स्वागत किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि डा चतुर्वेदी ने आयोजक मंडल को एक लाख रुपए की सहयोग राशि प्रदान किया।



समापन समारोह को संबोधित करते हुए जिले के चर्चित समाजसेवी डा उदय प्रताप चतुर्वेदी ने कहा कि इस प्रतियोगिता में उमड़ी हजारों की भीड़ सीपीएल 6 की सफलता और इसके महत्व को दशार्ती है। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में कैनवस बाल के राष्ट्रीय खिलाड़ियों की सहभागिता से यहां के युवाओं को क्रिकेट की बारीकियां और अनुशासन सीखने को मिलेगा। डा चतुर्वेदी ने आश्वस्त किया कि युवाओं के सम्मान और स्वाभिमान के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। खेल के प्रति दर्शकों का जुनून और आयोजक मंडल की मांग पर डा चतुर्वेदी ने घोषणा किया कि जब भी यहां स्टेडियम बनने की जगह और योजना बनी तो 11 लाख रुपए उनकी तरफ से सहयोग राशि भेंट की जायेगी। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव ने कहा कि छितही की सरजमीं को जिले में क्रिकेट का मक्का कहा जाता है। ऐसे शानदार और ऐतिहासिक आयोजन के लिए उन्होंने पूरी कमेटी को बधाई देते हुए खेल और खिलाड़ियों के तरक्की की आवाज सभी प्लेटफार्म पर उठता रहूंगा। इससे पहले दोनो अतिथियों के पहुंचने पर आयोजक मंडल के अध्यक्ष अलीमुलकदर उर्फ ढिलढिल प्रधान, उपाध्यक्ष असजद हुसैन उर्फ पप्पू, युवा समाजसेवी महताब आलम, कोषाध्यक्ष भोलू और प्रधान प्रतिनिधि मो सलीम बाबू के नेतृत्व में फूल मालाओं से जोरदार स्वागत हुआ। आयोजक मंडल ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवम् अंग वस्त्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद बैटिंग करके मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि ने मैच का शुभारभ कराया। फाइनल मुकाबले में मुन्ना इलेवन की टीम ने निर्धारित 12 ओवरों में 8 विकेट खो कर 157 रन बनाए। टीम की तरफ से राजा पांडेय और महमूद ने शानदार बल्लेबाजी किया। जवाब में गामा डीके स्पोर्टिंग मानपुर की टीम ने 8 ओवर में ही 4 विकेट खो कर 158 रनों का लक्ष्य हासिल किया। टीम के लिए कप्तान नोमान शेख ने शानदार 71 रनों की नाबाद पारी खेली। नोमान शेख को मैन ऑफ द मैच और मुन्ना इलेवन के आदित्य को मैन ऑफ द टूनार्मेंट का पुरस्कार प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि श्री चतुर्वेदी ने विजेता टीम को 1 लाख 35 हजार और उप विजेता टीम को 70 हजार रुपए का चेक प्रदान किया। सुहैल अहमद ने स्कोरर और अब्दुल हई व मो इब्राहिम ने अंपायर की भूमिका निभाई। समारोह का संचालन अंतराष्ट्रीय शायर असद महताब ने किया।

# महापरिनिर्वाण दिवस पर डॉ. भीमराव अम्बेडकर को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** संविधान के निमार्ता एवं भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर शनिवार को कस्बा रोड, बस स्टैण्ड पर उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। महापरिनिर्वाण दिवस पर विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने उपस्थित होकर डॉ. अम्बेडकर को नमन कर उनके द्वारा राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को स्मरण किया और समाज में समानता एवं बंधुत्व की भावना को मजबूत बनाने का आह्वान किया। नगर पालिका परिषद के चेयरमैन विनोद वैशाली ने कहा की ह्लडॉ. भीमराव अम्बेडकर केवल संविधान निमार्ता नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन के महानायक थे। शिक्षा, समान अधिकार और न्याय आधारित समाज का जो मार्ग उन्होंने दिखाया, वही हमारे देश की प्रगति का आधार है। आज का दिन उनके प्रेरणादायी विचारों को आत्मसात करने का संकल्प दोहराने का है ह्वइस अवसर पर क्षेत्र के कई सभासदगण एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी ने डॉ. अम्बेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में पूर्व अध्यक्ष राम आसरे शर्मा, वेद प्रकाश चौधरी (अध्यक्ष, सभासद संघर्ष समिति), सोनू कुमार, गुलाब सिंह, कपिल, धर्मवीर मास्टर, जितेंद्र चौधरी, प्रवीण गुर्जर, संजय चौधरी, सूबे सिंह, ललित त्यागी, सुखवीर सिंह, दौलत राम, सुभाष, राकेश कर्दम, आदि थे।

## महिला को तीन तलाक देकर घर से निकाला, बच्चों को भी जबरन पति के पास रखा

**मुरादनगर।** थाना क्षेत्र की ईदगाह कॉलोनी में दहेज में कार न मिलने के कारण महिला को तीन तलाक देकर घर से निकालने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने अपने पति पर बच्चों को जबरन अपने पास रखने का भी आरोप लगाया है। महिला ने अपने पति और अन्य ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है और उचित कार्रवाई की मांग की है। ईदगाह कॉलोनी की रानी का विवाह दस वर्ष पहले दिल्ली के नरेला क्षेत्र के निवासी युवक के साथ हुआ था। पीड़िता के अनुसार विवाह के तुरंत बाद ही दहेज की मांग के बहाने उसके पति और ससुराल पक्ष के लोग लगातार उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट कर रहे हैं। ससुराल पक्ष ने महिला से तीन लाख रुपये और एक कार की मांग की थी। इस दौरान कई बार उनके परिजन को बुलाकर महिला को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया और दहेज कम देने के लिए दबाव बनाया गया।

# बाल बाड़ी पब्लिक स्कूल में साइंस व आर्ट्स प्रदर्शनी का आयोजन




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** गुरुनानक पुरा स्थित बाल बाड़ी पब्लिक स्कूल में शनिवार को साइंस व आर्ट्स प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में कक्षा दो से आठवीं तक छात्रों ने प्रतिभा दिखायी। शुभारंभ मुख्य अतिथि संवारजना जैन व अभिभावक गणों ने फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। छात्रों ने वोल्केनों, परमाणु विस्फोट बम डायोरमा, चंद्रयान - 3 व्यर्थ पानी का उपचार, जल छाजन, सौर मंडल, भूकम्प, अलार्म, पोट्रेट व पेंटिंग आदि प्रोजेक्ट प्रस्तुत किये। सभी दर्शकों ने बच्चों के प्रयास की सराहना की। चेयरमैन संजय जैन, निर्देशिका रंजना जैन और प्रधानाचार्या श्रीमति छाया पॉल ने सभी छात्रों को बेहतर प्रदर्शनी के लिए बधाई दी और उनका उत्साह वर्धन किया । अभिभावकों के मनोरंजन हेतु खेलों का मनोरंजन किया गया व उनके द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा भी लिया गया। प्रदर्शनी की सफलता हेतु सभी अध्यापिकाओं का सहयोग सराहनीय रहा।

# कलयुग बेटे ने प्रॉपर्टी के लिए अपनी मां की गला रेतकर की हत्या

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** मोदीनगर के फफराना रोड स्थित जनता कालोनी में रहने वाले रिटायर्ड दरोगा के बेटे ने अपनी माँ की धारधार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। मां की हत्या कर खून से सना हथियार हसिया लेकर आरोपी बेटा थाने पहुंच गया। पुलिस से बोला-मम्मी को मार डाला हैं। लाश घर में पड़ी हैं। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर उसके घर से बुर्जुग महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

घर का मंजर देखकर हर कोई सन्न रह गया। जानकारी के मुताबिक जनता कालोनी में वेद प्रकाश का घर है। वो आबकारी विभाग में दरोगा थे। रिटायरमेंट के बाद उनकी मौत हो गई थी। उनकी चार बेटियां और एक बेटा है। सभी की शादी हो चुकी है। इकलौता बेटा राहुल शर्मा अपनी मां मध शर्मा, पत्नी परनिता और 8 साल के बेटे के साथ जनता कालोनी में रहता है। घटना शनिवार दोपहर की है। जब कलयुगी बेटा राहुल थाने में खून से सने हसिया को लेकर पहुंचता हैं ओर अपनी मां की हत्या की बात बताता हैं। यह सुन पुलिस अवाक रह जाती हैं। पुलिस थाने से मां की हत्या करने वाले बेटे को लेकर उसके जब घर पहुंची। ओर पुलिस देख आसपास के लोग एकत्र हो गये। घटना का मंजर देखकर आसपडोस के लोग भी सन्न रह गये। पुलिस ने बुजुर्ग महिला की शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। पुलिस जांच में प्रथम द्दष्टया मृतका की पेंशन व मकान विवाद का मामला सामने आया हैं। आरोपी को शक था कि जिस प्रकार मां अपनी बेटियो को पेंशन का धन देती है,कही मकान भी उन्ही के नाम ना कर दे। जिस कारण हत्या करने की बात सामने आई हैं,पुलिस मामले में आरोपी से पूछताछ कर रही हैं।

# गिन्नी मोदी गर्ल्स पी.जी. कॉलेज में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन

वेलकम इंडिया



मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )। गिन्नी मोदी गर्ल्स पी.जी. कॉलेज में डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर पुस्तकालय एवं कार्यालय स्टाफ द्वारा एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्या प्रो. पूनम शर्मा ने की। अपने संबोधन में उन्होंने डॉ. अंबेडकर के शिक्षा-संघर्ष, सामाजिक समानता के सिद्धांतों तथा संविधान निर्माण में उनके अमूल्य योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला ।इस आयोजन में विशेष रूप से रविंदर कुमार (कार्यालय अधीक्षक), सुमन एवं शिवानी शर्मा का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में बड़ी संख्या में उपस्थित छात्राओं और शिक्षकगण ने डॉ. अंबेडकर को श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में संविधान, मानवाधिकार, शिक्षा तथा सामाजिक समानता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम के आयोजन में ऑफिस एवं लाइब्रेरी के शिक्षक व स्टाफ की सक्रिय भूमिका रही, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# आई.टी.एस डेंटल कॉलेज में सम्पन्न हुआ उन्नत चेहरे-सौंदर्य चिकित्सा का विशेष प्रशिक्षण

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** दिल्ली मेरठ रोड़ स्थित आई.टी.एस डेंटल कॉलेज, मुरादनगर के पीरियडोन्टोलॉजी विभाग द्वारा 4 से 6 दिसंबर शनिवार तक आयोजित चौथे उन्नत चेहरे-सौंदर्य चिकित्सा (एडवांस फेशियल एस्थेटिक्स) कोर्स के दूसरे चरण का सफलतापूर्वक समापन हुआ। तीन दिनों तक चले इस विशेष प्रशिक्षण में कुल 40 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें निजी दंत चिकित्सक, संस्थान के पूर्व छात्र, एम.डी.एस. विद्यार्थी तथा कॉलेज के अध्यापक शामिल थे। यह प्रशिक्षण डेंटोमैक्स अंतरराष्ट्रीय अकादमी और प्रोफी विश्वविद्यालय, उज्बेकिस्तान के सहयोग से आयोजित किया गया। आई.टी.एस-द एजुकेशन ग्रुप के उपाध्यक्ष श्री अर्पित चड्ढा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कोर्स का उद्देश्य चेहरे-सौंदर्य चिकित्सा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, उपचार की नवीन विधियों से दंत चिकित्सकों को प्रशिक्षित करना तथा रोगी को समग्र और सुरक्षित उपचार प्रदान करने की दिशा में विशेषज्ञों को तैयार करना था। इस विशेष कोर्स में डॉ. आशीष कुमार सिंह और डॉ. गौरव तिवारी ने गेस्ट स्पीकर के रूप में सहभागिता की। दोनों विशेषज्ञ चेहरे-सौंदर्य चिकित्सा के अनुभवी चिकित्सक और अंतरराष्ट्रीय वक्ता हैं, जिन्होंने अनेक देशों में कार्यशालाएं कर हजारों चिकित्सकों को प्रशिक्षित किया है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने प्रतिभागियों को चेहरे की सौंदर्य वृद्धि हेतु उपलब्ध आधुनिक विकल्पों की बारीकियों से अवगत कराया। कार्यक्रम के पहले दिन प्रतिभागियों को बोटॉक्स उपचार का परिचय और व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इस सत्र में झुर्रियों, चेहरे की असमानता, त्वचा की ढीलापन और वॉल्यूम लॉस जैसे समस्याओं के लिए न्यूनतम हस्तक्षेप वाले समाधान सीखाए गए।

## आरकेजी ग्लोबल स्कूल में 'आवाहन-स्पोर्ट्स मीट 2025' का पाँचवाँ दिवस जोश, रोमांच और खेल भावना के नाम

**गाजियाबाद।** आरकेजी ग्लोबल स्कूल में आयोजित आवाहन- स्पोर्ट्स मीट 2025 का पाँचवाँ दिवस खो-खो प्रतियोगिता की रोमांचक झलकियों के नाम रहा। खेल मैदान में शनिवार सुबह से ही उत्साह, जोश और उमंग का माहौल बना रहा, जहाँ क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों की कुल आठ टीमों ने खेल भावना के साथ दमदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक-प्रधानाचार्य कैप्टन डॉ. दिनीषा भारद्वाज सिंह द्वारा विधिवत टॉस उछालकर किया गया। उन्होंने खिलाडियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, टीमवर्क और आत्मविश्वास का प्रतीक है। खो-खो प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में जबरदस्त जोश देखने को मिला।

# बालबाड़ी पब्लिक स्कूल में खेल दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** बालबाड़ी पब्लिक स्कूल में खेल दिवस पर शनिवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

बालबाड़ी पब्लिक स्कूल कादराबाद, मोदीनगर में वाषिक खेल दिवस का आयोजन बड़े जोश व उत्साह के साथ मनाया गया। इस समारोह का उद्देश्य विश्व में खेलों और फिटनेस को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम का शुभारम्भ निर्देशक विनय रुहेला व प्रधानाचार्या श्रीमती डॉ नीरू जोशी ने दीप प्रज्जवलित कर व गणेश वन्दना करके किया गया। इसके साथ ही विभिन्न छात्र एवं छात्राओं ने अनेक प्रकार के परिधान पहनकर नृत्य किया। छात्र-छात्राओं ने भणिपुरी, भरतनाट् ?यम, पंजाबी, कत्थक, गरबा, भांगड़ा आदि परिधान पहनकर राज्यों का प्रदर्शन किया। तत्पश्चात छोटे छोटे बच्चों ने ड्रिल, योगा व रेस के माध्यम से इस कार्यक्रम की सुंदरता को और अधिक बढ़ा दिया । जिसमें मुख्य अतिथि सूरज पाल मलिक (डिप्टी कमिश्नर व प्रोफेसर , डॉ देवेन्द्र देव दर्शन अरोरा, ( भारतीय खेल विश्वविद्यालय संघ के संस्थापक अध्यक्ष) ने इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर पूर्ण योगदान दिया। जिन्होंने खेलों के महत्व को बताते हुए सभी छात्र एवं छात्राओं की कला की सराहना करते हुए उनकी प्रशंसा की। जिसमें चेयरमैन संजय जैन , निर्देशक विनय रुहेला , प्रधानाचार्या श्रीमती डॉ नीरू जोशी व सभी शिक्षकगण ने बच्चों की प्रशंसा करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## यशोदा अस्पताल में पहली बार हुई न्यूनतम चीरा लगाकर वेगस तंत्रिका उद्दीपन शल्यक्रिया सफल



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नेहरू नगर स्थित यशोदा चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र जो 310 से अधिक बिस्तरों वाला चतुर्थक देखभाल और बहु-विशेषता युक्त प्रतिष्ठित अस्पताल है, ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के चिकित्सा इतिहास में एक उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। अस्पताल ने क्षेत्र की पहली न्यूनतम चीरा लगाकर की जाने वाली वेगस तंत्रिका उद्दीपन (वी.एन.एस.) शल्यक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न की है। यह जटिल प्रक्रिया रिफ्रैक्टरी मिर्गी से पीड़ित पापुआ न्यू गिनी की एक बच्ची पर की गई, जिसे दवाइयों से लाभ नहीं मिल पा रहा था। यह दुर्लभ और उन्नत शल्य-प्रक्रिया वरिष्ठ तंत्रिका शल्य-चिकित्सक डॉ. पुनीत मलिक के नेतृत्व में की गई, जिसमें वरिष्ठ तंत्रिका रोग विशेषज्ञ डॉ. (प्रो.) ब्रिगेडियर यादवेंद्र सिंह सिरोही, निश्चेतना विभाग के प्रमुख डॉ. विकास चोपड़ा, तथा बाल रोग एवं नवजात इकाई के प्रमुख डॉ. (मेजर) सचिन कुमार दुबे भी सम्मिलित रहे। शल्यक्रिया पूर्णतः सफल रही और बच्ची अब बिल्कुल सुरक्षित है तथा शीघ्र गति से स्वास्थ्य लाभ कर रही है। मिर्गी के पारंपरिक मस्तिष्क-संबंधी ऑपरेशन के विपरीत वेगस तंत्रिका उद्दीपन में मस्तिष्क को छूने या उसमें किसी प्रकार की शल्यक्रिया करने की आवश्यकता नहीं होती। इसके स्थान पर गर्दन के भीतर वेगस तंत्रिका के समीप एक छोटा उपकरण प्रत्यारोपित किया जाता है। यह उपकरण तंत्रिका को हल्के और नियंत्रित विद्युत संकेत भेजता है, जो मस्तिष्क की अनियमित विद्युत गतिविधि को संतुलित करने में सहायक होते हैं।

# बी टी० एम० पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** सीकरी रोड मानकी स्थित बी टी० एम० पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विजयी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। खेल प्रतियोगिता में 200 मीटर रेस में शान प्रथम, पवन कारण तृतीय रहे। 400 मीटर रेस में आदित्य प्रथम अंश द्वितीय व आयुष तृतीय रहे। 800 मीटर रेस में अर्णव प्रथम साहिल द्वितीय व तविश तृतीय रहे। रेले रेस में राशि प्रथम फनीषा द्वितीय व कशिश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।स्पून रेस में समीर प्रथम आष्णा द्वितीय,व विद्यु तृतीय रही।

खेल को सफलतापूर्वक पूर्ण कराने में सभी शिक्षक व शिक्षकाओ ने पूर्ण सहयोग किया। इस अवसर पर अनीता , रीना मैडम सुमित विवेक दिनेश संग सहजीन रेखा कृष्णा दीपिका शैली अर्वंतिका मोनिका चंचल बनोग खुशबु सुमन राजकुमारी अंगुल उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन रेखा मैडम द्वारा किया गया कार्यक्रम के उपरान्त चेयरमैन सतीश तेवतिया के द्वारा विजेताओं को मैडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# शालीमार गार्डन में अवैध निर्माण पर बड़ी कार्रवाई, जीडीए ने ध्वस्त की इमारतें

**इंद्रेश शर्मा, गाज़ियाबाद**

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध निमार्णों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शनिवार को शालीमार गार्डन क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई। उपाध्यक्ष नन्द किशोर कलाल के स्पष्ट निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी प्रवर्तन जोन-08 लवकेश कुमार की टीम ने शालीमार गार्डेन के दो स्थानों पर ध्वस्तीकरण अभियान चलाया। अभियान के दौरान भूखंड संख्याझ775, शालीमार गार्डन एक्स-1, साहिबाबाद पर स्वीकृत मानचित्र से विचलन करते हुए बनाए गए छठे तल पर निर्मित कॉलम को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। इसी क्रम में भूखंड संख्याझ499अ, शालीमार गार्डन एक्स-1 पर भूतल पर बिना स्वीकृति के तैयार की गई व्यावसायिक दुकानों पर भी कार्रवाई की गई। ध्वस्तीकरण के दौरान स्थानीय निर्माणकताओं ने कड़ा विरोध जताया, लेकिन प्राधिकरण पुलिस बल और थाना शालीमार गार्डन की टीम ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए अभियान को सफलतापूर्वक जारी रखा। कार्रवाई के दौरान अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, अवर अभियंता, सुपरवाइजर टीम, प्राधिकरण पुलिस बल एवं स्थानीय पुलिस बल मौके पर मौजूद रहे। प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में अवैध निर्माण के विरुद्ध यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और किसी भी प्रकार के अनियमित निर्माण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**स्थानीय विरोध के बीच भारी पुलिस बल की मौजूदगी में .चला अभियान**




# 25 हजार का इनामी बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार हुआ

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद,**



कमिश्नरेट गाजियाबाद की स्वाट टीम, अपराध शाखा और थाना सिहानीगेट पुलिस को संयुक्त अभियान में बड़ी सफलता मिली है। 25 हजार रुपये का इनामी व जिला बदर बदमाश अनस उर्फ अनस पुत्र नफीस पुलिस मुठभेड़ में घायल होकर गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से अवैध देशी तमंचा .315 बोर, एक जिंदा व तीन खोखे कारतूस, लूट के 4,852 रुपये तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल स्प्लेंडर (ऊछ5रउह2314) बरामद हुई स्वाट टीम को मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि थाना सिहानीगेट क्षेत्र में 25 हजार का इनामी अपराधी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। सूचना पर पुलिस ने हमदर्द चौराहे के पास चेकिंग शुरू की। एसीपी नंदग्राम उपासना पाण्डेय के मुताबिक चेकिंग के दौरान संदिग्ध बाइक सवार को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन पुलिस को देखकर वह हमदर्द ग्राउंड की ओर भागने लगा। पीछा करने पर उसने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे रात लगभग 8 एसीपी बजे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर अस्पताल भेजा गया। पूछताछ में आरोपी अनस ने बताया कि वह अपने साथी के साथ अगस्त माह में मेरठ तिराहे पर एक व्यक्ति से आई-फोन की लूट की घटना में शामिल था। तलाशी में घटना से जुड़े 4,850 रुपये बरामद हुए।

पुलिस के अनुसार आरोपी थाना सिहानीगेट के मुकदमा संख्या 287/2025 धारा 304(2) बीएनएस में वांछित था और 13 जुलाई 2025 से थाना शालीमार गार्डन से जिला बदर चल रहा था। उसके खिलाफ लूट, चोरी, एनडीपीएस और गैंगस्टर एक्ट सहित दिल्ली व गाजियाबाद में लगभग 25 मुकदमे दर्ज हैं।

# तीनों तहसीलों में कुल 241 शिकायतें दर्ज, 17 का मौके पर निस्तारण; प्रशासनिक अधिकारियों ने सुनीं जनसमस्याएँ



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** शासन के निदेर्शानुसार प्रत्येक माह के प्रथम और तृतीय शनिवार को आयोजित किए जाने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को जनपद की तीनों तहसीलों में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देशों के अनुपालन में नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनने और निस्तारित करने हेतु सभी तहसीलों में अधिकारियों की उपस्थिति में जनसुनवाई की गई। इस अवसर पर जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी, पुलिस अधिकारी तथा राजस्व विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे और जनता द्वारा प्रस्तुत समस्याओं का गंभीरता से अवलोकन कर समाधान का आश्वासन दिया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण कर प्रशासन और जनता के मध्य संवाद को और अधिक सुदृढ़ बनाना है। मोदीनगर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उपजिलाधिकारी अजीत सिंह की अध्यक्षता में किया गया। यहाँ कुल एक सौ छह शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। उपजिलाधिकारी के साथ तहसीलदार, पुलिस अधिकारी तथा संबंधित विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे और अन्य प्रकरणों पर भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। लोनी तहसील में उपजिलाधिकारी एवं संयुक्त दण्डाधिकारी दीपक सिंघनवाल की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान नागरिकों की बड़ी संख्या ने अपनी समस्याएँ प्रस्तुत कीं। यहाँ कुल चौहत्तर शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से छः शिकायतों का तत्काल निस्तारण कर दिया गया। कार्यक्रम में तहसीलदार, पुलिस अधिकारी, नगर पालिका प्रतिनिधि तथा अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। सदर तहसील में उपजिलाधिकारी अरुण दीक्षित की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। यहाँ कुल इकसठ शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से आठ शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। जनसुनवाई के दौरान नगर निगम अधिकारी, पुलिस विभाग, तहसीलदार तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे और शेष शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

# सर गलती हो गई अब नहीं करूंगा, लुट को अंजाम देने वाले लुटेरो को कविनगर पुलिस ने सिखाया सबब, 2 गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद।** बीते 27 नवंबर में गाजियाबाद के थाना कविनगर क्षेत्र में लूट कर वृद्ध दंपति को घर में घुसकर लुट और घायल कर घटना को अंजाम 2 अज्ञात बदमाशों द्वारा घटना की गई थी उसी मामले के दोनों बदमाशों को गाजियाबाद के थाना कविनगर पुलिस ने शनिवार को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की। पुलिस टीम द्वारा महागुनपुरम सोसाइटी के पीछे चौकी औद्योगिक क्षेत्र में चेकिंग के दौरान बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी, जिस पर जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश घायल हो गया। गिरफ्तार बदमाशों से 01 तमंचा .315 बोर ,03 कारतूस ,01 खोखा कारतूस , पीली धातु का चैन का टुकड़ा , वारदात में प्रयुक्त स्प्लेंडर मोटरसाइकिल को पुलिस ने बरामद किया है । एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्या ने बताया बीते 27 नवंबर 2025 को पीड़ित परिवार के दामाद नितिन शर्मा ने थाना कविनगर में तहरीर दर्ज कराई थी कि एक अज्ञात व्यक्ति उनके ससुर नरेंद्र शर्मा के घर में पंजाब नेशनल बैंक कर्मचारी बनकर घुसा और चाकूनुमा ब्लेड कटर से हमला कर दिया। बदमाश ने पीड़िता मधु शर्मा का कान काटकर टॉप्स व चैन लूट ली और बाहर खड़े अपने साथियों के साथ फरार हो गया था मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। सीडीआर, सीसीटीवी फुटेज, इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस को दोनों बदमाशों की लोकेशन का सुराग मिला। चेकिंग के दौरान बदमाशों ने पुलिस को देखते ही फायरिंग शुरू कर दी।





# दिनदहाड़े बुजुर्ग दंपति पर हमला करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार, एक के पैर में लगी गोली

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** कविनगर थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में गोली लगी है। उनके कब्जे से तमंचा, चोरी का गहना और बाइक बरामद हुई है। पुलिस के अनुसार, दोनों बदमाश 27 नवंबर को कविनगर में दिनदहाड़े एक घर में घुसकर बुजुर्ग दंपति पर हमला कर लूट की वारदात को अंजाम दे चुके थे। पुलिस महागुनपुरम सोसाइटी के पीछे वाहनों की जांच कर रही थी, इसी दौरान बाइक सवार दो लोगों को रुकने का इशारा किया। बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी और भागने लगे। जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लगी। इसके बाद पुलिस ने दोनों को दबोच लिया। एसीपी कविनगर सूर्यबली माँये ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों की पहचान गौतमबुद्धनगर के छिजारसी निवासी रवि शमी उर्फ लवली और अंकुश शमी उर्फ अंकुर के रूप में हुई है। रवि शमी के पैर में गोली लगी है। दोनों आरोपी दोस्त हैं। अंकुश ने रवि को बताया था कि कविनगर में पार्क के सामने बुजुर्ग दंपति रहते हैं और उनके पास गहने मिल सकते हैं। पुलिस के अनुसार, रेकी के बाद 27 नवंबर को रवि शमी दंपति नरेंद्र शमी के घर पहुंचा। अंकुश घर से कुछ दूरी पर निगरानी करने लगा। रवि खुद को पंजाब नेशनल बैंक का कर्मी बताकर घर में घुसा और ब्लेड दिखाकर दंपति को धमकाया। उनके शोर मचाने पर नरेंद्र की पत्नी मधु भी घर में आ गई। इसके बाद दोनों ने रवि का विरोध किया, तो उसने उन पर हमला कर दिया। महिला के कुंडल उठाकर भागने पर उसकी चैन का टुकड़ा उसके हाथ में आ गया।

# पहली बार स्थानीय एमएसएमई नौकरियों के लिए एआई-सक्षम 'नीला बिंदु उत्सव, का शानदार आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र के सभागार में शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गाजियाबाद तथा उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में स्थानीय रोजगार को बढ़ावा देने हेतु एक महत्त्वपूर्ण और अभिनव एआई-सक्षम स्थानीय भर्ती पहल का सफल आयोजन किया गया। हेड हेल्ड हाई फाउंडेशन और एकस्टेप फाउंडेशन द्वारा इंडियन उद्योग संघ (आईआईए) गाजियाबाद चैप्टर के सहयोग से आयोजित इस विशेष कार्यक्रम-'नीला बिंदु उत्सवज्-का उद्देश्य गाजियाबाद के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को उपयुक्त, कुशल एवं स्थानीय नौकरी चाहने वालों से जोड ?ा था। यह पहल तकनीक आधारित सार्वजनिक रोजगार संरचना के माध्यम से स्थानीय उद्योगों को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संयुक्त आयुक्त, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, श्रीनाथ पासवान एवं आईआईए गाजियाबाद चैप्टर के अध्यक्ष संजय अग्रवाल उपस्थित रहे। दोनों ही विशिष्ट अतिथियों ने इस बात पर बल दिया कि एमएसएमई देश की आर्थिक वृद्धि की आधारशिला हैं तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए डिजिटल मंचों का उपयोग समय की आवश्यकता बन चुका है। अभिनव तकनीकी पद्धति के माध्यम से आयोजित इस पहल में गाजियाबाद के 50 एमएसएमई उद्यमों ने कुल 900 रोजगार अवसर दर्ज किए, जो कि जिले में पहली बार इस स्तर पर किया गया प्रयास है। यह पहल यह दशार्ती है कि किस प्रकार जिले आधुनिक तकनीक के सहयोग से स्थानीय स्तर पर रोजगार की माँग और आपूर्ति को एक मंच पर लाकर एक सक्षम स्थानीय श्रम बाजार का निर्माण कर सकते हैं।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना: 34 जोड़ों ने लिए फेरे

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत विकास खण्ड लोनी परिसर में शनिवार को भव्य स्तर पर आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में कुल 34 जोड़ों का विवाह विधिवत सम्पन्न कराया गया। यह कार्यक्रम समाज कल्याण विभाग की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं में से एक है, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों का विवाह गरिमापूर्ण और सम्मानजनक तरीके से सम्पन्न कराना है। जिला समाज कल्याण अधिकारी श्री संदीप चौधरी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि योजना के अंतर्गत प्रत्येक नवविवाहित जोड़े को पच्चीस हजार रुपये मूल्य की उपहार सामग्री प्रदान की जाती है। इसमें वर-वधू के वस्त्र, चाँदी की बिछिया और पायल, इस्पात भोजन पात्र सेट, दाब पात्र, पहिएदार बैग, सौंदर्य सामग्री थैला तथा दीवार घड़ी सहित अनेक उपयोगी सामग्री शामिल हैं। इसके अतिरिक्त कन्या के बैंक खाते में साठ हजार रुपये की धनराशि स्थानांतरित किए जाने का प्रावधान है। आयोजित विवाह समारोह में समाज के विभिन्न वर्गों के जोड़े सम्मिलित हुए। इनमें अनुसूचित जाति के 10, अन्य पिछड़ा वर्ग के 8, सामान्य वर्ग के 5 तथा अल्पसंख्यक वर्ग के 11 जोड़े शामिल रहे। कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित 23 हिंदू जोड़ों का विवाह हिंदू वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार फेरे और जयमाला के साथ सम्पन्न हुआ, जबकि अल्पसंख्यक समुदाय के 11 जोड़ों का निकाह मौलवियों की उपस्थिति में संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में लोनी क्षेत्र के सम्मानित विधायक श्री नन्द किशोर गुर्जर तथा प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद श्री प्रदीप कुमार पाण्डेय ने विशेष रूप से उपस्थित होकर सभी नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और उनके सुखी वैवाहिक जीवन की मंगलकामनाएँ व्यक्त कीं।

# बिजली मीटर का बाहरी स्थान पर न होना बना चुनौती, निगम करेगा व्यापक सर्वे और शिफ्टिंग

**वेलकम इंडिया**

**मुरादनगर।** इलाके में बिजली निगम के नियमों को ठेंगा दिखाते हुए अभी भी सैकड़ों घरों और संस्थानों के अंदर बिजली के मीटर लगे हुए हैं। बिजली निगम ने इस समस्या के समाधान के लिए विस्तृत सर्वे करने की योजना बनाई है और जल्द ही ऐसे सभी मीटरों को दूसरी जगह, नियमों के अनुरूप घरों के बाहर स्थानांतरित किया जाएगा। हाल के वर्षों में नगर निगमों में शामिल हुए ग्रामीण इलाकों में कई घरों में बिजली के मीटर अभी भी घरों के अंदर ही लगे हैं। बिजली निगम के नियमों के अनुसार, सभी मीटरों को घरों के बाहर लगाना अनिवार्य है। बाहर लगे मीटरों वाले कई घर वर्तमान में अलग-अलग कारणों से बंद हैं। कुछ घरों के मालिक अपने परिवार के साथ चले गए हैं या घर बेच दिया है, लेकिन कनेक्शन अभी भी उनके नाम पर है। बिजली कर्मचारियों को हर महीने मीटर की रीडिंग लेने जाना पड़ता है, लेकिन बंद घरों में रीडिंग लेना संभव नहीं हो पाता। इसके अलावा कई घरों के मालिक महीनों से बिजली का बिल नहीं भर रहे हैं। अंदर लगे मीटर न केवल छेड़छाड़ के लिए संवेदनशील हैं, बल्कि बंद घरों में सही रीडिंग भी नहीं ली जा सकती। ज्यादातर ग्रामीण इलाकों में अभी भी मीटर घरों के अंदर लगे होने की वजह से बिजली निगम को लाखों रुपये के रेवेन्यू का नुकसान होता है। निगम के अधिकारियों का कहना है कि कई बार घर मालिक महीनों बाद लौटकर बिलों को लेकर विवाद कर देते हैं।

# नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण: निर्माण कार्यों में आई तेजी, खाली स्थानों पर इंटरलॉकिंग लगाकर सड़कों को धूल-मुक्त बनाने के सख्त निर्देश

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने शनिवार को शहर का विस्तृत भ्रमण कर निर्माण विभाग द्वारा चल रहे अनेक महत्वपूर्ण कार्यों का निरीक्षण किया। जैसे ही नगर आयुक्त का काफिला विविध निर्माण स्थलों पर पहुँचा, निर्माण विभाग की टीम तुरंत सक्रिय हो गई और विभिन्न स्थानों पर जमा निर्माण अवशेषों को हटाने का कार्य तेज कर दिया। नगर आयुक्त ने निर्देश दिए कि कार्य पूर्ण होने के बाद यदि कहीं भी निर्माण अवशेष पाए जाते हैं, तो सम्बन्धित संस्था पर कड़ी कार्यवाही करते हुए भारी जुमार्ना लगाया जाए। नगर आयुक्त ने घुमावदार मार्ग गोलचक्कर, उन्नत मार्ग, विवेकानंद नगर चौराहा, नेहरू नगर तथा कालका गढ़ी चौक पर चल रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। कालका गढ़ी में निर्मित किए जा रहे नाले के कार्य का विशेष रूप से निरीक्षण किया गया। लगभग तीन करोड़ बत्तीस लाख रुपये की लागत से बनाए जा रहे इस नाले की लंबाई छः सौ बानवे मीटर तथा चौड़ाई एक दशमलव अस्सी मीटर है। इस नाले के निर्माण से शहर के वार्ड संख्या 12, 88 और 96 को सीधा लाभ मिलेगा तथा जल निकासी व्यवस्था और बेहतर होगी। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने नाले तथा सड़क के मध्य खाली स्थान देखकर वहाँ इंटरलॉकिंग टाइल लगाने के निर्देश दिए। मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी ने नगर आयुक्त को अवगत कराया कि नाले का निर्माण कार्य एक माह के भीतर पूर्ण कर लिया जाएगा तथा इस सम्बन्ध में विस्तृत प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। नगर आयुक्त ने निरीक्षण के क्रम में गांधीनगर क्षेत्र का भी जायजा लिया और यहाँ बने सामग्री पुनर्चक्रण केंद्र पर छत (शेड) लगाने तथा आस-पास के खाली स्थानों पर इंटरलॉकिंग लगाने के स्पष्ट निर्देश दिए।

